आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

website:www.chetnamanch.com

Chetna Manch

वर्ष : 25 | अंक : 329 | नोएडा, शनिवार, 25 नवंबर, 2023 | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8




## पीएम की तेजस में उड़ान

बेंगलुरु ( एजेंसी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कर्नाटक के बेंगलुरु में तेजस विमान से भ्रमण किया। दरअसल वह शनिवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमटेड (HAL) की फैसिलिटी के दौरे पर गए थे। इस दौरान पीएम मोदी ने को-पायलट की भूमिका निभाई। मालूम हो कि तेजस मेड-इन-इंडिया विमान है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमटेड के दौरे पर पीएम मोदी ने तेजस के मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी समेत अन्य सुविधाओं की समीक्षा की और वहां मौजूद लोगों से बात की।

## कार बनी मौत का गोला दो लोग जिंदा जले

नोएडा ( चेतना मंच )। नोएडा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। नोएडा के थाना सेक्टर-113 नोएडा क्षेत्रांतर्गत आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 में कार में आग लगने से दो व्यक्ति जिंदा जल गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को बाहर निकाला। गाड़ी में आग किस वजह से लगी इसके बारे में भी कुछ पता नहीं चला है।



नोएडा की आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 में शनिवार की सुबह करीब 6 बजे अचानक से एक कार में आ लग गई। आग लगने से कार सवार दो लोगों की मौत गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर फायर बिग्रेड की मदद से आग को बुझा दिया गया है। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

### वीडियो बनाते रहे लोग

हादसे के बाद वहां पर खड़े कई लोग वीडियो बनाने लगे तो कुछ ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन जब तक आग बुझाई जाती दोनों की मौत हो चुकी थी। ऐसे में अगर लोगों की ओर से मदद की कवायद की जाती तो शायद तस्वीर कुछ और होती। समय पर मदद मिलने से उनकी जान बचाई जा सकती थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद वीडियो बनाने व तमाशा देखने वालों को दूर किया। आग बुझने के बाद गेट को तोड़कर दो के शवों को बाहर निकाला गया।

### 6 बजकर 11 मिनट पर लगी आग

पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली तो पाया कि सुबह करीब 6 बजकर 08 मिनट पर आकर समिति के पास आकर रुकती है और 6 बजकर 11 मिनट पर स्विफ्ट कार में आग भड़क जाती है। इसके बाद देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। पुलिस का अंदेशा है कि कार में लगी आग के कारण अंदर बैठे दोनों लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला।

## राजस्थान के रण में वोटरों का उत्साह

### कड़ी सुरक्षा में 199 सीटों पर हो रही है वोटिंग





जयपुर ( एजेंसी )। राजस्थान के रण में आज वोटरों का उत्साह देखा गया। खासकर युवा वर्ग बड़ी संख्या में वोट देने कतार में लग।



राजस्थान में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 200 में से 199 निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग जारी है. मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। राजस्थान में बीजेपी और कांग्रेस दोनों में कड़ा मुकाबला है और दोनों दलों के नेता अपने-अपने दावे कर रहे हैं. चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

श्रीगंगानगर की करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और मौजूदा विधायक गुरमीत सिंह कूनर के निधन के कारण इस क्षेत्र में चुनाव स्थगित कर दिया गया है.

राजस्थान में कुल 1862 उम्मीदवार मैदान में हैं और मतदाताओं की संख्या 5,25,38,105 है. इनमें 18-30 आयु वर्ग के 1,70,99,334 मतदाता शामिल हैं, उनमें से 18-19 आयु वर्ग के 22,61,008 नए मतदाता हैं।

राजस्थान में दोपहर 1 बजे तक 40.27 प्रतिशत मतदान हो चुका था। कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी। चुनाव को देखते हुए राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस तैनात किया गया है। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

### वोटरों से रिकॉर्ड बनाने की अपील

पीएम मोदी ने वोटरों से रिकार्ड बनाने की अपील करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं। सभी मतदाताओं से मेरा निवेदन है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। इस अवसर पर पहली बार वोट देने जा रहे राज्य के सभी युवा साथियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं

## सेक्टर-126 व 151 के बीच बनेगा स्पोर्ट्स काम्पलैक्स : सीईओ

### सेक्टर-135 के बारातघर में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, कई सेक्टरों का किया निरीक्षण

नोएडा ( चेतना मंच )। प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम आज मातहत अधिकारियों के साथ सेक्टर-135 बारात घर पहुंचे तथा वहां जनसमाधान के तहत कई सेक्टरों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। सीईओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सेक्टरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों का भी विकास प्राथमिकता व तेजी के साथ किया जा रहा है। इस मौके पर सेक्टर-126, 130, 133, 151 समेत दो दर्जन सेक्टरों के तथा गांव के लोग मौजूद थे।







जन समस्याओं के समाधान करने के लिए सीईओ लाव लश्कर के साथ सेक्टर-135 पहुंचे। सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा मातहत अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन मंच के अध्यक्ष सुधीर चौहान तथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने सीईओ से कहा कि सेक्टर-126 से सेक्टर-151 के बीच एक स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाया जाए ताकि इस क्षेत्र के लाखों लोग इस सुविधा का लाभ उठा सके।

इस पर सीईओ ने आश्वासन दिया कि वह इस बाबत जल्दी ही जमीन की तलाश करेंगे तथा उसे पर स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्टेडियम बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय कुमार खत्री, डीजीएम सिविल श्रीपाल भाटी, डीजीएम जल एवं सीवर आरपी सिंह, डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल, वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा समेत विभिन्न विभागों के प्रभारी तथा कई अधिकारी मौजूद थे।

जन समस्याएं सुनने के बाद सीईओ ने कई सक्टरों का दौरा किया तथा वहां की समस्याएं देखी तथा अधिकारियों को उन समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

## पटाखे से झुलसे तीन मासूम बच्चे

नोएडा ( चेतना मंच )। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दीपावली पर दिल्ली एनसीआर में पटाखे जलाने पर रोक के बावजूद लोग बाज नहीं आए और दीपावली पर जमकर पटाखे फोड़े। पटाखे फोड़ने के कारण ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाले परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के तीन मासूम बच्चे पटाखे की चपेट में आकर झुलस गए। बच्चों के पिता ने सोसायटी में ही रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित इरोज संपूर्णम सोसायटी में रहने वाले गगन सिंघल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि दीपावली की रात को वह अपनी सोसाइटी में अपने बच्चों के साथ घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान सोसायटी में रहने वाले विपिन शुक्ला सोसायटी के गेट नंबर-3 पर पटाखे जला रहे थे। विपिन शुक्ला द्वारा चलाए जा रहे पटाखे से उनकी बच्ची की फ्रॉक में आग लग गई। इसके अलावा उनका 10 माह का छोटा बेटा माधव सिंघल पटाखे से झुलस गया। जबकि 3 वर्ष के बेटे अमोघ सिंगल के कपड़े जल गए और वह भी झुलस गया। वह अपने बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। माधव सिंघल को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जबकि दोनों बच्चों को मामूली उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

## मौत पर गुस्साये ग्रामीणों ने घेरी जेवर कोतवाली, किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। ग्रेटर नोएडा के पास जेवर के चोरोली गांव में करीब चार माह पूर्व जमीनी विवाद में घायल हुए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। वृद्ध व्यक्ति की मौत होने से गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए जेवर थाने पर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस के आरोपियों से मिलीभगत है जिस कारण आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।



ग्रेटर नोएडा के चोरोली गांव निवासी पवन पुत्र साहब सिंह ने बीते 26 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रात में अपने खेत में फसल में पानी दे रहे थे। इस दौरान घात लगाकर बैठे राकेश, संजीव, कुलदीप, प्रिंस, राहुल व कपिल ने हथियारों से लैस होकर उन पर हमला कर दिया। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

## मंदिर तोड़ने पर बवाल करने वाले ग्रामीणों पर एफआईआर

नोएडा ( चेतना मंच )। गांव पृथला खंजरपुर में बीते दिनों मंदिर तोड़ने के दौरान हुए बवाल के मामले में नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता ने बावल में शामिल लोगों की फोटो भी पुलिस को उपलब्ध कराई हैं।

नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 6 के अवर अभियंता अंकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि ग्राम पृथला खंजरपुर के 5प्रतिशत के नियोजित भूखंड पर कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर बनाकर अतिक्रमण करने की कार्रवाई की जा रही है। इस सूचना के आधार पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के लिए 22 नवंबर का दिन नियत किया गया था। नोएडा प्राधिकरण की संयुक्त टीम पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण ध्वस्त कर वापस लौट रही थी। इस दौरान पृथला खंजरपुर के कुछ ग्रामीणों ने रास्ते में प्राधिकरण के अवर अभियंताओं व फील्ड स्टाफ को घेर लिया। ग्रामीणों ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की इस दौरान प्राधिकरण कर्मियों की गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए गए।

प्राधिकरण कर्मियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई अवर अभियंता ने बवाल के दौरान प्राधिकरण कर्मियों द्वारा बनाई गई वीडियो व आरोपियों के कुछ फोटो भी पुलिस को सौंपी हैं।

## कंपनी से शीट मेटल की डाईयां चोरी

ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। थाना सूरजपुर क्षेत्र के उद्योग विहार ईकोटेक-2 स्थित एक कंपनी से शीट मेटल की डाइयां चोरी हो गई। कंपनी एजीएम ने सिक्योरिटी गार्ड व ट्रक ड्राइवर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दोनों आरोपियों द्वारा चोरी किए जाने की बात सामने आई।

फरीदाबाद हरियाणा निवासी मनोज कुमार बख्शी ने बताया कि वह उद्योग विहार एक सेक्टर-2 में स्थित डिप्टी लाल जज्जाल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अधिकारी है। कंपनी में शीट मेटल के पार्ट बनते हैं। पार्ट्स बनाने वाली डाइयां कंपनी के भीतर रखी रहती थी। कंपनी के सीनियर इंजीनियर योगेश कुमार ने बीते 22 नवंबर को कंपनी में रखी डाइयों को चेक किया तो 14 डाई कम पाई गई। ( शेष पृष्ठ-3 पर )

## अतीक से जुड़ा लेटर लीक होने के बाद कर्मचारी पर गिरी गाज

### सीईओ का सख्त एक्शन : कर्मचारी की सेवा की समाप्त

नोएडा ( चेतना मंच )। प्रयागराज पुलिस कमिश्नर द्वारा नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया गोपनीय पत्र लीक होने के आरोप में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने एक कर्मचारी की सेवाएं समाप्त कर दीं।





मालूम हो कि इस गोपनीय पत्र में कुख्यात माफिया अतीक अहमद से संबंधित संपत्ति तलाशने का अनुरोध किया गया था। इसी के तहत एसीईओ संजीव कुमार खत्री ने भूलेख विभाग के अधिकारियों को एक हफ्ते के अंदर अतीक अहमद तथा उसके परिवार से जुड़ी संपत्तियों को खंगालने के निर्देश दिए थे।

उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जांच के आदेश दिए थे कि यह गोपनीय पत्र नोएडा प्राधिकरण से लीक कैसे हो गया। इसके लिए ओएसडी देवेन्द्र प्रताप तथा डीजीएम (सिविल) श्रीपाल भाटी से तीन दिनों में आख्या पेश करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त अधिकारियों ने पाया कि यह गोपनीय पत्र डीजीएम सिविल के कार्यालय में तैनात कर्मचारी मुकुल तिवारी ने लीक किया था। मुकुल तिवारी इस विभाग में श्रमशक्ति आपूर्तिकर्ता के माध्यम से तैनात हुआ था।

प्राप्त आख्या के आधार पर सीईओ डा.लोकेश एम ने मुकुल तिवारी की सेवाएं समाप्त कर दीं। इस कार्रवाई के बाद से नोएडा प्राधिकरण में हड़कंप मचा हुआ है।

## प्लास्टिक के कट्टे में भरी थी शराब

नोएडा ( चेतना मंच )। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का बरामद हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सेक्टर-94 अंडरपास के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास कियाा। संदेह के आधार पर दोनों को हिरासत में लिया गया और उनके प्लास्टिक के कट्टों की तलाशी ली तो उसमें से हरियाणा मार्का की पांच पेटी शराब बरामद हुई। ( शेष पृष्ठ-3 पर )


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## सशक्तिकरण की प्रतीक

सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज एम. फातिमा बीवी का 23 नवंबर, 2023 को केरल के कोल्लम स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थीं। उनकी नियुक्ति ने महिलाओं को कानूनी पेशे को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया था। वह महिला सशक्तिकरण की प्रतीक रही हैं। उन्होंने कानूनी पेशे और अन्य क्षेत्रों में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति बीवी का जीवन केरल में महिला सशक्तिकरण के उल्लेखनीय अध्यायों में से एक था। उनकी वजह से केरल ने देश को पहली महिला न्यायाधीश देने वाले राज्य के रूप में पहचान हासिल की है। सीएम विजयन ने कहा कि 'न्यायमूर्ति बीवी में जीवन की सभी बाधाओं को पार करने की अद्वितीय शक्ति थी। उनका जीवन पूरे समाज, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा है। संवैधानिक मामलों में उनकी विद्वता तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान देखी गई थी।' बता दें कि जस्टिस एम. फातिमा बीवी 1997 से 2001 तक तमिलनाडु की राज्यपाल रही थीं। जस्टिस एम. फातिमा बीवी का जन्म 1927 में पथानमथिट्टा (केरल) में हुआ था। उनके पिता का नाम अन्नवीटिल मीरा साहिब और मां का नाम खदीजा बीवी था। वह अपने माता-पिता की आठ संतानों में सबसे बड़ी थीं। जस्टिस बीवी के पिता अन्नवीटिल मीरा साहिब एक सरकारी कर्मचारी थे। वह पंजीकरण विभाग में काम करते थे। साहिब ने उस समय अपने बच्चों, विशेषकर अपनी छह बेटियों को शिक्षा हासिल करने के लिए भरपूर प्रोत्साहन दिया था। फातिमा बीवी ने स्कूली शिक्षा पथानामथिट्टा के कैथोलिक स्कूल से ली थी। इसके बाद महिला कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया। ये वो वक्त था जब मुस्लिम लड़कियां उच्च शिक्षा से दूर थीं। बावजूद इसके फातिमा बीवी केमिस्ट्री ही मास्टर्स करना चाहती थीं। लेकिन उनके पिता तत्कालीन त्रावणकोर राज्य की पहली महिला न्यायिक अधिकारी अन्ना चांडी की कहानी से प्रेरित थे, इसलिए उन्होंने फातिमा बीवी को लॉ करने के लिए कहा। साहिब ने अपनी बेटी को समझाया कि केमिस्ट्री में मास्टर्स उन्हें शिक्षण करियर में ले जाएगा। लेकिन कानून की पढ़ाई उन्हें अलग ऊंचाई तक ले जाएगा। फातिमा बीवी ने तिरुवनंतपुरम के एक सरकारी लॉ कॉलेज में कानून की पढ़ाई की। लॉ का रास्ता चुनने के बाद उन्होंने कई स्तर पर इतिहास रचा। 1949-50 में जब उन्होंने लॉ स्टूडेंट के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की, तो वकील के रूप में नामांकित होने के लिए बार काउंसिल द्वारा आयोजित एक परीक्षा पास करना अनिवार्य था। 1950 में बीवी बार काउंसिल से स्वर्ण पदक पाने वाली पहली महिला लॉ ग्रेजुएट बनीं। इसके बाद उन्होंने कोल्लम जिला अदालत में जूनियर वकील के रूप में दाखिला लिया। वह हिजाब पहन अदालत जाती थीं। एक मुस्लिम महिला का कोर्ट में जाना मुस्लिम समुदाय के रूढ़िवादियों को रास नहीं आ रहा था। लेकिन फातिमा बीवी ने कभी इसकी परवाह नहीं की और आगे बढ़ती रहीं। आठ साल के बाद फातिमा बीवी ने तत्कालीन सरकार द्वारा आयोजित एक प्रतियोगी परीक्षा को पास किया और बतौर मुंसिफ ज्यूडिशियल सर्विस को ज्वाइन किया। 1974 में वह जिला सत्र न्यायाधीश बन गईं। जस्टिस बीवी को 1983 में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और 1989 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 1989 से 1992 तक सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस फातिमा बीवी का कार्यकाल शानदार रहा। एक न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बीवी महत्वपूर्ण मामलों में समानता के पक्ष में रहीं। शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त होने के बाद, उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य और तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि प्रभु श्री रामजी ने करोड़ों अश्वमेध यज्ञ किए और ब्राह्मणों को अनेकों दान दिए। श्री रामचंद्रजी वेदमार्ग के पालने वाले, धर्म की धुरी को धारण करने वाले, (प्रकृतिजन्य सत्व, रज और तम) तीनों गुणों से अतीत और भोगों (ऐश्वर्य) में इन्द्र के समान हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**पति अनुकूल सदा रह सीता। सोभा खानि सुसील बिनीता॥**
**जानति कृपासिंधु प्रभुताई॥ सेवति चरन कमल मन लाई॥**
शोभा की खान, सुशील और विनम्र सीताजी सदा पति के अनुकूल रहती हैं। वे कृपासागर श्री रामजी की प्रभुता (महिमा) को जानती हैं और मन लगाकर उनके चरणकमलों की सेवा करती हैं॥
**जद्यपि गृहँ सेवक सेवकिनी। बिपुल सदा सेवा बिधि गुनी॥**
**निज कर गृह परिचरजा करई। रामचंद्र आयसु अनुसरई॥**
यद्यपि घर में बहुत से (अपार) दास और दासियाँ हैं और वे सभी सेवा की विधि में कुशल हैं, तथापि (स्वामी की सेवा का महत्व जानने वाली) श्री सीताजी घर की सब सेवा अपने ही हाथों से करती हैं और श्री रामचंद्रजी की आज्ञा का अनुसरण करती हैं॥
**जेहि बिधि कृपासिंधु सुख मानइ। सोइ कर श्री सेवा बिधि जानइ॥**
**कौसल्यादि सासु गृह माहीं। सेवइ सबन्हि मान मद नाहीं॥**
कृपासागर श्री रामचंद्रजी जिस प्रकार से सुख मानते हैं, श्री जी वही करती हैं, क्योंकि वे सेवा की विधि को जानने वाली हैं। घर में कौसल्या आदि सभी सासुओं की सीताजी सेवा करती हैं, उन्हें किसी बात का अभिमान और मद नहीं है॥
**उमा रमा ब्रह्मादि बंदिता। जगदंबा संततमनिंदिता॥**
(शिवजी कहते हैं-) हे उमा जगज्जननी रमा (सीताजी) ब्रह्मा आदि देवताओं से वंदित और सदा अनिंदित (सर्वगुण संपन्न) हैं॥
**दो0- जासु कृपा कटाच्छु सुर चाहत चितव न सोइ।**
**राम पदारबिंद रति करति सुभावहि खोइ॥**
देवता जिनका कृपाकटाक्ष चाहते हैं, परंतु वे उनकी ओर देखती भी नहीं, वे ही लक्ष्मीजी (जानकीजी) अपने (महामहिम) स्वभाव को छोड़कर श्री रामचंद्रजी के चरणारविन्द में प्रीति करती हैं॥ (क्रमशः...)

# ममता और गहलोत का गुजरात पर हमला एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान

विपक्षी गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था।

राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। अगला चुनाव मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल होने का दावा कर रही आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौतियों का सिकंदर करार देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रही है। यह सब देख प्रधानमंत्री पद पाने का सपना काफी अरसे से पाले हुए बैठीं ममता बनर्जी भी सक्रिय हो गयी हैं और भाजपा तथा प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि ''भारतीय टीम ने इतना अच्छा खेला कि उन्होंने विश्व कप में सभी मैच जीते, सिवाय उस मैच को छोड़कर जिसमें पापी लोगों ने भाग लिया था।%% जाहिर है जब विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे उद्गार व्यक्त कर रहे हैं तो उनके कार्यकर्ता और भी आगे जाकर टिप्पणियां करेंगे। इसलिए आप सोशल





**इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है।**

मीडिया के किसी भी मंच पर चले जाइये प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा।

इसे भी पढ़ें- चुनाव दर चुनाव भ्रष्ट आचरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है

देखा जाये तो लोकतंत्र में इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है। यदि प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध भी प्रकट करना है तो उसे ससम्मान किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिस तरह प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात को निशाना बनाया जा रहा है वह तो और भी गलत है। एक राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कहना एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है कि अगर क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में खेला जाता तो भारत जीत जाता। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस अंदाज में मारवाड़ी और गुजराती शब्द का प्रयोग करते हुए गुजरात पर कटाक्ष किया है वह भी सर्वथा अनुचित है।

जिस तरह विपक्ष के नेता गुजरात और गुजरातियों के प्रति अपनी नफरत का इजहार कर रहे हैं उससे उनके उन दावों पर भी सवाल उठता है जिसके तहत वह मुहब्बत की दुकान खोलने का दावा करते हैं। हम आपको बता दें कि राहुल गांधी कई जनसभाओं में कह चुके हैं कि आपकी जेब से पैसा निकाल कर गुजरात के व्यापारियों की जेब में डाला जा रहा है। इसी लाइन को अन्य विपक्षी नेता भी थोड़ा-बहुत घुमा फिराकर दोहराते हैं। यहां सवाल उठता है कि मोदी से नफरत करते करते यह नेता क्यों गुजरात की हर चीज से नफरत करने लगे हैं? देखा जाये तो देश की अर्थव्यवस्था में गुजरात सर्वाधिक योगदान देने वाले राज्यों में शुमार है। महात्मा गांधी और सरदार पटेल का यह प्रदेश अहिंसा और एकता का संदेश देता है। व्यापारिक गतिविधियों का यह केंद्र प्रदेश देशभर के नौजवानों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत है।

बहरहाल, जो लोग गुजरात, गुजरातियों और वहां स्टेशन पर चाय बेचने से लेकर देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुँचने वाले नेता से नफरत का इजहार कर रहे हैं वह दरअसल अपनी खीझ प्रकट कर रहे हैं क्योंकि जीवन ने उन्हें सर्वाधिक अवसर और बेहतर हालात तथा पर्याप्त संसाधन दिये लेकिन वह उसका कभी सदुपयोग नहीं कर पाये। अपने कर्मों की बदौलत अपने राज्य को अंधेरे में धकेलने वाले नेताओं से यदि गुजरात की चकाचौंध नहीं देखी जा रही है तो इसके लिए उन्हें नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार बताने की बजाय अपने गिरेबां में झांक कर देखना चाहिए।

**-नीरज कुमार दुबे**

## व्यंग्य
# मैं और मेरा मोटापा

मेरा वर्ष 2022 के शुरुआती दिनों में मेरा वजन एक सौ दस किलो से थोड़ा ज्यादा था। आज यानि बाईस की विदाई के वक्त दो किलो वजन कम हो गया है। मामला ध्यान देने लायक है। सरकार गलतबयानी और आंकड़ों की बाजीगरी में माहिर है। कृपया ध्यान दें कि यहां सरकार का मतलब गृह सरकार से है। उन्होंने वजन में दो किलो की कमी को स्वास्थ्य के लिए अच्छा संकेत माना। उन्होंने अपने बाएं हाथ से दाएं हाथ पर ताली भी बजाई और कहा कि सरकार के प्रयासों के अच्छे परिणाम अब दिखने लगे हैं। उन्होंने भी झिझकते हुए उन्हें बधाई दी।

'लेकिन सर! मैंने वज़न कम करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है!' हम हैरान थे।

' प्रयास!! आम आदमी यानि जनता कब प्रयास करती है!? सब कुछ सरकार को करना है। सरकार की मांग में आपके नाम का सिन्दूर भरा है। आपके भोजन का जिम्मेदार कौन है?' कपड़े, नींद और जागना?! शायद तुम्हें पता न हो, लेकिन दिन-रात तुम्हें ही दुख होता है। मैंने तुम्हारा घी-तेल कम कर दिया, मिठाइयां और आटा कम कर दिया, महंगा पेट्रोल बचाने के लिए पैदल चलने की आदत डाल दी। याद करो, तुम्हें किसने बनाया धर्म ध्यान करो और सप्ताह में दो बार उपवास करो? पूरे साल शरीर मंदी का शिकार रहा और तुम्हें पता ही नहीं चला।' सरकार ने प्रेस नोट जैसा जवाब जारी किया।



मुझे याद आया कि ये सब तो हुआ था। उनका लक्ष्य अपना दो दो किलो कम करना था, जो हासिल कर लिया गया। मुझे नहीं पता था कि सरकारी योजनाएं इतनी चमत्कारी होती हैं। लेकिन मां और दोनों बहनें इससे खुश नहीं थीं। उन्होंने अपना वजन दो किलो कम होने को चिंता का विषय बताया। यह भी संकेत दिया कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के गंभीर परिणाम होंगे जो भविष्य में घातक साबित होंगे। जब मेरी माँ सत्ता में थीं, तो मेरा शरीर चाँद की तरह बढ़ गया। जिस दिन मुझे पता चला कि मेरा वजन 110 किलो से ज्यादा हो गया है, मेरी मां ने मुझे बादाम का लड्डू बनाकर खिलाया था।

'आप क्या सोच रहे हैं? क्या आप खुश नहीं हैं?' अचानक सरकार ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर का पत्थर बजा दिया।

'वो क्या है माँ और बहनें।'

उन्होंने पूरी बात सुने बिना ही कहा- 'विपक्षी गठबंधन का काम सरकार की अच्छी योजनाओं में खामियां निकालना और गुमराह करना है। क्या आप जानते हैं कि दो किलो वजन कम करने के बाद आपने सेमी सलमान पहनना शुरू कर दिया है। इस समय लोगों को सिक्स पैक की जरूरत है। आशा थी कि आप आभारी होंगे, या कम से कम धन्यवाद कहेंगे, लेकिन गठबंधन की राजनीति ने आपकी सोच पर कब्ज़ा कर लिया है।'

'ऐसी बात नहीं है सरकार। माँ कह रही थी कि अगर इसी तरह वजन कम होता रहा तो पहचान का संकट पैदा हो जाएगा। तुम्हारा क्या भरोसा, तुम उसे पहचानने से इनकार कर देती हो और घर से निकाल देती हो। अभी किसी भी पहचान पत्र में वजन का कोई जिक्र नहीं है!!'

'आप कैसी बातें कर रहे हैं? पहचान पत्र में नाम और चेहरा होता है। पहचान का संकट कैसे पैदा होगा!

'मम्मी कहती हैं कि अच्छी सरकार वही होती है जिसमें लोगों का वजन बढ़े। अगर प्रति वर्ष दो किलो की दर से वजन घटता रहा तो सोचिए 2050 तक आपका वजन कितना रह जाएगा! सरकार तुम्हें तीन कंधों के लायक बना रही है।'

'तो तुम क्या चाहते हो?'

'स्वतंत्रता।'

'किससे आज़ादी? क्या मुझसे?'


'रुको, मैं उनसे पूछकर बताऊँगा।'


**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**


> ***"मुझे याद आया कि ये सब तो हुआ था। उनका लक्ष्य अपना दो दो किलो कम करना था, जो हासिल कर लिया गया। मुझे नहीं पता था कि सरकारी योजनाएं इतनी चमत्कारी होती हैं। लेकिन मां और दोनों बहनें इससे खुश नहीं थीं।"***


## राशिफल


कार्तिक शुक्ल-त्रयोदशी | (विक्रम संवत् 2080)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धन का आगमन बढ़ेगा। कुटुम्बों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मानसिक चंचलता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी रहेगी। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन सिर दर्द संभव है। मन परेशान रहेगा।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के विभिन्न स्त्रोत बनेंगे। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। कुछ अधिकारियों को आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।


**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा में लाभ होगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम है।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपुर सहयोग मिलेगा। चली आ रही परेशानी दूर होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम और प्रेम-संतान मध्यम है। व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भावुक मन से कोई निर्णय नहीं लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम और प्रेम-संतान मध्यन है। व्यापार बहुत अच्छा है।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह क्लेश भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा रहेगा।

# किसान सभा ने दिया समर्थन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने कल सर्वोत्तम बिल्डर के विरुद्ध रामगढ़ गांव में चल रहे किसानों के धरने में पहुंचकर संगठन का समर्थन दिया।

गौरततलब है कि 23 नवंबर को सर्वोत्तम बिल्डर के व्यक्तियों ने किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। धरनारत किसानों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर दी गई जिससे कई किसान घायल हो गए और पुलिस ने दो किसानों के बीच का झगड़ा बनाकर किसानों पर ही 307 आईपीसी में एफआईआर दर्ज कर दी इससे किसानों में रोष है।

इस मौके पर किसान सभा के उपाध्यक्ष गवरी मुखिया, अजब सिंह नेताजी, दुष्यंत सेन, सचिन भाटी, सुरेंद्र भाटी, सुरेश यादव, विजय यादव, मोहित यादव, सुशांत भाटी प्रशांत भाटी ने संबोधित किया एवं उपस्थित रहे।

# गढ़ मेले में जुटने लगी भीड़



**गढ़ मुक्तेश्वर ( चेतना मंच )।** कार्तिक पूर्णिमा को हर साल लगने वाले गढ़ गंगा मेले में अभी से भारी भीड़ जुटने लगी है।

सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि यह ग्रामीण परिवेश का बहुत ही महत्वपूर्ण मेला होता है जिसकी तैयारी ग्रामीण इलाकों में लोग बहुत पहले से शुरू कर देते हैं।

# पांचों राज्यों में फिर बनेगी भाजपा की सरकार : नागर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। यह दावा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती बेवन नागर ने एक बातचीत के दौरान की है।



उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से लोगों का विकास करने का काम किया है और विकास के ही दम पर बीजेपी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान एवं दो अन्य प्रदेशों में अपना परचम लहराने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को गर्त में ले जाने का काम किया है। श्रीमती बेवन नागर ने कहा कांग्रेस जाति धर्म का सहारा लेकर सत्ता हासिल करने के प्रयास में है। लेकिन जनता समझदार है और वह विकास के मुद्दे पर ही वोट करेगी। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में मतदान हो रहा है और वहां पर परिवर्तन होना तय है।

# जगह-जगह मनाया गया सतेन्द्र व यतेन्द्र का जन्मदिन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरौला निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा तथा पीसीसी सदस्य यतेन्द्र शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।





सेक्टर-2 नोएडा में मुकेश शर्मा व अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर लियाकत चौधरी के नेतृत्व में दोनों भाइयों सतेन्द्र व यतेन्द्र का जन्मदिन पगड़ी व केक काटकर मनाया नोएडा कांग्रेस के नेता विक्रम चौधरी ने अपने कार्यालय सेक्टर-2 में दोनों नेताओं का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया

पगड़ी व माला पटका पहनाकर दोनों नेताओं को बधाई दी व काटकर जन्मदिन में मनाया,पूर्वांचल के नेता भाई दयाशंकर पांडे ने के काटकर जन्मदिन मनाया।

गिझोड़ गांव के पूर्व प्रधान पंडित सुरेश शर्मा व गांव होशियारपुर के निवासी सोनू शर्मा सरपंच ने जन्मदिन केक काटकर व पटका पहनाकर गुलदस्ता देकर बड़ी धूमधाम से मनाया। न्यू अशोक नगर दिल्ली-96 के ब्राह्मण महासभा के प्रधान भूपेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गुलदस्ता देकर केक काटकर दोनों नेताओं का जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया।

इस मौके पर हमारे प्रिय बड़े भैया पंडित मुकेश शर्मा,अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर लियाक़त चौधरी, गिझोड़ गांव के पूर्व प्रधान सुरेश शर्मा, होशियापुर गांव से सोनू शर्मा सरपंच,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम चौधरी, ब्राह्मण सभा न्यू अशोक नगर दिल्ली-96 के प्रधान भूपेंद्र शर्मा, अनिल डेढा अनिल किरेन वाले, जितेंद्र अवाना अट्टा, अमर अवाना गांव नया बॉस, प्रवीण शर्मा निठारी,सोनू रघुवंशी, रोहित पंडित गिरीश शर्मा,पंडित टिंकू शर्मा, पंडित कालू शर्मा, दयाशंकर पांडये, बॉबी अवाना, सचिन कुमार,राहुल राय,अजय राय, शत्रुघन कुमार, सतपाल गर्ग, राजकुमार, महावीर अवाना हरौला, मोहित शर्मा,हबीबपुर सहित लोग उपस्थित थे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने वोटर चेतना महाअभियान को लेकर की बैठक

नोएडा। महिला मोर्चा जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में वोट बनवाए ताकि वर्ष-2024 के प्रजातंत्र के महाकुंभ में अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। यह आवाहन महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती मुकुमद शर्मा ने। वे महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित कर रही थीं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती शर्मा ने आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया और जानकारी दी कि नए युवा वोटर्स जिन्होंने अभी 18 साल पूर्ण किया है या पूर्ण करने वाले हैं उनको किस प्रकार से जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपना वोटर कार्ड सरलता से बना सके। उनको इस बात की भी जानकारी प्रदान की जाए कि भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से कहां-कहां कैंप लगाया जा रहा है और साथ में किन आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत होगी।

कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की नोएडा महानगर अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, श्रीमती रचना जैन (क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी) और श्रीमती सुचित्रा पाठक (सोशल मीडिया प्रमुख,उत्तर प्रदेश) नीता बाजपेयी, भाजपा नोएडा महानगर जिले की सभी पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष के साथ उनकी पूरी टीम उपस्थित रहीं।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सलारपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

मूल रूप से ग्राम पांडेपुर हरदोई निवासी शिवकुमार अपने भाई के साथ सलारपुर गांव में रह रहा था। बीती रात्रि शिव कुमार ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। आज सुबह परिजन जब सोकर उठे तो उन्हें शिव कुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजन उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया थाना प्रभारी के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है परिजन भी शिवकुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के बारे में कोई ठोस कारण नहीं बता पा रहे हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**राजस्थानर के रण....**

**झालावाड़ में वसुंधरा ने डाला वोट**

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने झालावाड़ के 32 सामुदायिक केन्द्र हाउसिंग बोर्ड कमरा नं-2 में अपना वोट डाला। उन्होंने कहा, 'मेरा आग्रह सभी मतदाताओं से है, विशेषकर नए मतदाताओं को कहूंगी कि जोरदार तरीके से वोट डालें, कमल खिलाएं और देश के लिए एक बड़ा कदम उठाएं।'

**आलाकमान तय करेगा सीएम : पायलट**

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, जनता काम करने वाले को जानती है। एक व्यक्ति चुनाव नहीं जिता सकता है. हमने काम किया है और जनता का हर निर्णय हमें स्वाकीर है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जनता समझदार है। जनता सही फैसला लेगी। जब हम विपक्ष में थे 2018 में तो कठिन दौर था। लेकिन इस बार तो हम सरकार में है तो और ताकत के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हम सरकार वापस बनाएंगे।

मोदी तो चेहरा हिमाचल और कर्नाटक में भी थे लेकिन जनता समझदार है। पायलट ने कहा कि चुनाव बाद कांग्रेस आलाकमान सीएम तय करेगी।

**कार बनी मौत का....**

कार से दो व्यक्तियों के शव को निकाला गया है, फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों की पहचान विजय चौधरी (27 वर्ष) पुत्र अजय चौधरी निवासी आम्रपाली प्लेटिनम सोसायटी सेक्टर-119 तथा अनश (27 वर्ष) पुत्र रिजवान निवासी सेक्टर-53 के रूप में हुई है।

**सीएम गहलोत ने सरदापुरा में डाला वोट**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के सरदारपुरा में मतदान किया। वोट डालने से पहले गहलोत परिवार के साथ अपने पुराने घर पहुंचे। वोट देने के बाद गहलोत ने कहा कि ये चुनाव मोदी का नहीं है। कांग्रेस राजस्थान में सरकार दोहराएगी। आज के बाद, वे (भाजपा) दिखाई नहीं देंगे और वो अब पांच साल बाद दिखाई देंगे। हम यहीं रहेंगे।

**कंपनी से शीट....**

काफी तलाशने पर भी जब डाईयो का पता नहीं चला तो कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज कंगाली गई। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि 7 नवंबर की रात्रि को रिजवान ट्रांसपोर्ट सर्विस एंड कांट्रैक्टर का ट्रक ड्राइवर हाशिम कंपनी के भीतर आया था उसने अपनी गाड़ी डाई रैक के सामने खड़ी कर डाई चोरी कर ली। इस दौरान कंपनी के सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड मुनेश कुमार मीणा ने भी चोरी में उसका साथ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियो की तलाश की जा रही है।

**प्लास्टिक के कट्टे में....**

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम योगेश खट्टर पुत्र कृष्ण कुमार खट्टर सेक्टर-30 व सौरभ पुत्र विपिन कुमार निवासी सेक्टर-76 बताया। आरोपियों ने बताया कि वह हरियाणा से रॉकफोर्ड क्लासिक ब्रांड की शराब लेकर आए थे। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**पटाखे से झुलसे तीन मासूम....**

गगन सिंघल के मुताबिक उसने इस मामले की एओए तथा मेंटेनेंस डिपार्टमेंट में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बावजूद भी आरोपी विपिन शुक्ला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज निकलवाई जिसमें विपिन शुक्ला लापरवाही तरीके से पटाखे फोड़ता हुआ दिख रहा है। गगन सिंगला ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाई जाने के बावजूद भी विपिन शुक्ला ने पटाखे फोड़कर अदालती नियमों का उल्लंघन किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

वहीं थाना सेक्टर-113 में सेक्टर-75 स्थित एपेक्स एथना सोसाइटी में रहने वाले हुकुमचंद ने पड़ोस में रहने वाले दंपति के खिलाफ घर के बाहर पटाखे जलाकर परेशान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। हुकुमचंद के मुताबिक बीते 22 नवंबर को पड़ोस में रहने वाले जलज परेटरिया व रूपाली ने उनके घर के बाहर पटाखे फोड़ना शुरू कर दिए। तेज धमाकों की आवाज सुनकर उनकी पत्नी विमला देवी व पुत्रवधू सुकन्या ने इसका विरोध किया तो पति-पत्नी गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध किया तो दोनों ने उनकी पत्नी व पुत्रवधू के साथ मारपीट की। मारपीट में उनकी पत्नी विमला देवी के बाएं हाथ की कलाई में फ्रैक्चर हो गया। मेडिकल परीक्षण में भी फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**मौत पर गुस्साये....**

इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई। घायल साहब सिंह का अस्पताल में उपचार चल रहा था। गत दिनों उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

हालत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान साहब सिंह की मौत हो गई। शनिवार की सुबह साहब सिंह के परिजन उनके शव को लेकर जेवर थाने पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है, जिस कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप भी लगाया है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने संजीव, प्रिंस, राहुल व रॉबिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साहब सिंह के परिजन आज उनके निधन के पश्चात मुकदमे में हत्या के हत्या की धारा की बढ़ोतरी तथा वांछित व्यक्तियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर आए थे, उन्हें समझा बुझा कर वापस भेज दिया गया है। मृतक साहब सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्राधिकरण अधिकारियों के साथ किसानों की बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय किसान सभा की जिला कमेटी ने एसआईटी जांच में रद्द हुए पांच गांव हैबतपुर, पतवारी, ईटेडा, एमनाबाद, कासना के केसों की सुनवाई में हिस्सा लिया एवं 30 नवंबर तक संपन्न होने वाली बोर्ड बैठक के प्रस्तावों को प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा उपाध्यक्ष गवरी मुखिया, सचिव मनोज प्रधान, सुरेंद्र भाटी एवं संयोजक वीर सिंह नागर मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए वाहन चोर का एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को मोजर बियर गोल चक्कर की तरफ से बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक स्वरों ने भागने का प्रयास किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उनका पीछा किया तो बाइक सवार हड़बड़ा गए भागने के प्रयास में बाइक फिसल कर गिर गई। इसके बाद बाइक पर पीछे बैठा युवक जंगल की तरफ भाग गया। पुलिस ने बाइक सवार को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद आबिद पुत्र मोहम्मद रियाजुद्दीन निवासी लखीपुर रोड श्यामनगर कॉलोनी जनपद मेरठ बताया। मोहम्मद आबिद ने स्वीकार किया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। उसने अपने फरार साथी का नाम याहया उर्फ शादाब निवासी मेरठ बताया।

## मतदाता सूची को लेकर हुई भाजपा की बैठक



**दादरी ( चेतना मंच )।** शक्ति केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करने का कार्य किया गया।

मतदाता सूची में नाम जुड़ने के लिए हुई बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष पवन नागर, शक्ति केंद्र के प्रभारी शिव मोहन शर्मा, संयोजक जतीभान आर्य, बूथ अध्यक्ष सूरजभान सिंह, बूथ अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, बूथ अध्यक्ष दीवान सिंह रावत, बूथ अध्यक्ष मेघनाथ सिंह, बूथ अध्यक्ष जगन्नाथ, बीएलए ,विनोद शर्मा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुखबीर सिंह सिसोदिया एवं कालीचरण आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



**रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए कदम बढ़ाएं**



**अभिव्यक्ति की अभिरूचि**

रेलवे क्षेत्र/स्टेशन अप्रोच के सौंदर्यीकरण हेतु उत्तर मध्य रेलवे के सोनभद्र, मानिकपुर, ऊँचडीह, मेजा रोड, इरादतगंज, शंकरगढ़, सत्तेशगढ़, मालवा, प्रयागराज छिवकी, पुल संख्या 42 एवं 45A (सूबेदारगंज-बमरौली), पनकीधाम, प्रयागराज, नैनी, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगांव, नीबकरोरी, टुण्डला, जलेसर, अलीगढ़, हरदुआगंज, मेहरावल, सोमना, बमरौली, दादरी, और मारीपथ स्टेशनों के लिए अभिव्यक्ति की अभिरूचि आमंत्रित की जाती है।

**ई. ओ. आई. जमा करने की अन्तिम तिथि 28.11.2023 को 12:00 बजे तक है।**

**वरि. मण्डल इंजीनियर (समन्वय) मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज उत्तर प्रदेश - 211001**

- एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।
- इस योजना से सम्बंधित किसी अन्य जानकारी हेतु संपर्क करे - 7518703672, 7518704349, 9794837220, 9794837200

अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट https://ncr.indianrailways.gov.in पर जाये।

उत्तर मध्य रेलवे — गतिशीलता ही हमारी पहचान | G20

1916/23 (ADM)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.– 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–यू.पी.–अ.–17112023–250107
CG-UP-E-17112023-250107

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4735] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 16, 2023/कार्तिक 25, 1945
No. 4735] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 16, 2023/KARTIKA 25, 1945

**रेल मंत्रालय**
**[उत्तर मध्य रेलवे (गति शक्ति यूनिट)]**
**अधिसूचना गौतमबुद्ध नगर, 1 नवम्बर, 2023**

**का.आ. 4944(अ)**—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोकप्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, उत्तर प्रदेश राज्य के गौतमबुद्धनगर जिले के तहसील दादरी में विशेष रेल परियोजना, अर्थात **'अलीगढ़–गाजियाबाद, लेवल क्रॉसिंग संख्या 151 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश''** हेतु भूमि अधिग्रहण परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् अपर जिलाधिकारी/एल0 ए0, जिला गौतम बुद्धनगर उत्तर प्रदेश को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात,

जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और इच्छुक व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

उत्तर प्रदेश राज्य में विशेष रेल परियोजना **''अलीगढ़–गाज़ियाबाद, लेवल क्रॉसिंग सं. 151 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण''** के लिए गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी तहसील में अधिग्रहण की जाने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. सं. | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | अर्जन हेतु रकबा (हेक्टेयर में) | अर्जन हेतु रकबा (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दादरी | छपरौला | 01 | 1259 मि0 | 0.0427 | 426.74 |
| 2 | | | 1150 | 1260 | 0.0049 | 49.26 |
| 3 | | | 1143 | 1261 | 0.0052 | 51.97 |
| 4 | | | 1 | 1262 | 0.1224 | 1224.20 |
| 5 | | | 1 | 1270 | 0.2936 | 2935.80 |
| 6 | | | 674 | 1271 | 0.0047 | 46.75 |
| 7 | | | 418 | 1011 | 0.1358 | 1358.29 |
| 8 | | | 1156 | 1212 | 0.1692 | 1692.40 |
| 9 | | | 1158 | 1272 | 0.0341 | 341.43 |
| 10 | | | 1 | 1459 क | 0.0217 | 216.64 |
| 11 | | | 1 | 1459 ख | | |
| 12 | | | 1 | 1460 | 0.1681 | 1681.48 |
| 13 | | | 1 | 1461 | 0.0062 | 62.25 |
| 14 | | | 1 | 1453 क | 0.1904 | 1904.37 |
| 15 | | | 1 | 1453 ख | | |
| 16 | | | 1 | 1465 | 0.0952 | 952.03 |
| 17 | | | 1 | 1452 | 0.1384 | 1383.54 |
| 18 | | | 1155 | 1483 | 0.0210 | 209.73 |
| 19 | | | 1138 | 1520 क | 0.1500 | 1499.60 |
| 20 | | | 1 | 1520 ख | | |
| | | | | कुल योग | 1.6036 | 16036.49 |

[फा. सं. NCR-PRYJ0ENGG (LAND)/9/2023]

बलबीर सिंह, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/भूमि अधिग्रहण

1898/23 (D)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अमेरिका-कनाडा ब्रिज पर हुआ कार में विस्फोट, दो की मौके पर ही मौत

टोरंटो। अमेरिका-कनाडा को जोड़ने वाले ब्रिज पर कार में विस्फोट हुआ है, इस विस्फोट में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक विस्फोट के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र में चार अमेरिका-कनाडा बॉर्डर क्रॉसिंग को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में मरने वालों की राष्ट्रीयता अभी तक साफ नहीं हो सकी है। ब्रिज पर वाहन में विस्फोट होने के साथ ही दोनों देशों के बीच आवागमन स्थगित कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क के नियाग्रा फॉल्स के पास वाहन में विस्फोट के बाद रेनबो ब्रिज को बंद करना पड़ा। फिलहाल एफबीआई आतंकवादी हमले के एंगल से इस मामले की जांच कर रही है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने एक बयान में कहा कि स्थिति बहुत अस्थिर है। एफबीआई इस जांच में स्थानीय, राज्य और संघीय एजेंसियों का साथ ले रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने क्षेत्र में चार अमेरिका-कनाडा बॉर्डर क्रॉसिंग को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट में मरने वालों की राष्ट्रीयता अभी तक साफ नहीं हो सकी है। इस संबंध में अमेरिका के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कार अमेरिका की ओर से आ रही थी। बॉर्डर क्रॉसिंग पर सीमा शुल्क स्टेशन से टकराने के बाद वाहन में भयंकर विस्फोट हो गया। यह विस्फोट रेनबो ब्रिज के अमेरिकी हिस्से पर हुआ, जो नियाग्रा नदी पर बना है और दोनों देशों को जोड़ता है। इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर पश्चिमी न्यूयॉर्क और ओंटारियो के बीच तीन अन्य ब्रिज को तुरंत बंद कर दिया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने बफेलो-नियाग्रा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सभी कारों की जांच शुरू कर दी और यात्रियों से जांच में सहयोग करने की अपील की गई है। दुर्घटना के साक्षी स्थानीय लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर विस्फोट की तस्वीरें और वीडियो साझा किए गए हैं। जिसमें फुटपाथ पर घना धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। एक चश्मदीद ने कहा कि कार में विस्फोट के बाद 30 या 40 फीट ऊंचा आग का गोला ऊपर बन गया था। उन्होंने कभी ऐसा दृश्य नहीं देखा। एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि वह और उसका दोस्त ब्रिज के पास थे और उन्होंने कुछ टूटने की आवाज सुनी। इसके बाद आग और काला धुआं आसमान में उठता दिखाई दिया।

## अब रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप से जूझ रहा चीन, स्कूल बंद

बीजिंग। कोरोना के प्रकोप से चीन पूरी तरह उबरा भी नहीं था कि रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप फैल गया है। जिसके कारण चीन पर बड़ा खतरा मंडराने लगा है। बढ़ते बीमारी के प्रकोप के कारण यहां स्कूल कालेज बंद कर दिए गए है। चीन सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। कोरोना महामारी के प्रभाव से जूझ रहे चीन में अब नई बीमारी ने व्यापक स्तर पर दस्तक दे दी है। चीन के स्कूलों में एक और बीमारी पूरे देश में तेजी से फैल रही है। यहां के स्कूलों में रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप बढ़ रहा है, यह चिंताजनक स्थिति कोविड संकट के शुरुआती दिनों की याद दिला रही है। 500 मील उत्तर-पूर्व में बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में बड़ी संख्या में बच्चे भर्ती हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप के चलते ज्यादातर स्कूल बंद हैं। इस रहस्यमयी निमोनिया से प्रभावित बच्चों के फेफड़ों में सूजन और तेज बुखार सहित असामान्य लक्षण नजर आ रहे हैं। हालांकि उन बच्चों में खांसी और फ्लू, आरएसवी और सांस की बीमारी से संबंधित अन्य दूसरे लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। ओपन-एक्सेस सर्विलांस प्लेटफॉर्म प्रोमेड ने मंगलवार को खासतौर से बच्चों को प्रभावित करने वाली बिना डायग्नोज हुए निमोनिया की उभरती महामारी के बारे में चेतावनी जारी की है। प्रोमेड ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि यह प्रकोप कब शुरू हुआ, क्योंकि इतने सारे बच्चों का जल्दी प्रभावित होना सामान्य बात नहीं है।' इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि क्या यह एक और महामारी हो सकती है। लेकिन हमें अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए। ताइवानी आउटलेट एफटीवी न्यूज ने बताया कि नए प्रकोप के चलते अस्पतालों में बीमार बच्चों की बहुत अधिक संख्या है। इसमें कहा गया है कि 'माता-पिता ने सवाल किया कि क्या अधिकारी महामारी को छुपा रहे थे।' लेकिन संदेह है कि नया प्रकोप माइकोप्लाज्मा निमोनिया से संबंधित हो सकता है, जिसे वॉकिंग निमोनिया के रूप में भी जाना जाता है, जो कथित तौर पर चीन में बढ़ रहा है।

## हॉलीवुड अभिनेता फॉक्स पर फिर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

लंदन। हॉलीवुड अभिनेता जेमी फॉक्स नई मुसीबत में फंस चुके हैं। दरअसल, अभिनेता के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में अदालत में जानकारी दाखिल की गई। ऑस्कर विजेता जेमी फॉक्स पर कथित तौर पर 2015 में एक महिला का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। महिला ने अभिनेता के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। अदालती दस्तावेजों में महिला की पहचान नहीं जाहिर की गई है। कथित तौर पर महिला ने आरोप लगाया कि फॉक्स ने अगस्त 2015 में न्यूयॉर्क शहर में कैच रेस्तरां की छत पर उनके साथ मारपीट की। फॉक्स ने उन्हें एकांत में कोने में ले जाने के बाद जानबूझकर उनकी अनुमति के बिना उनके निजी अंग को छुआ और उनके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मुकदमे में कहा गया है कि एक सुरक्षा गार्ड ने छेड़छाड़ होते देखी, लेकिन गार्ड ने हस्तक्षेप नहीं किया। जब महिला की दोस्त ने देखा तब वह उन्हें बचाने के लिए आई और



फॉक्स वहां से चले गए। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि हमले के बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल भी जाना पड़ा। महिला ने दर्द, पीड़ा, भावनात्मक संकट, चिंता और अपमान के लिए मुआवजे की मांग की है। यह पहली बार नहीं है, जब जेमी फॉक्स पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। 2018 में मीटू मूवमेंट के दौरान एक महिला ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। यह घटना 2002 में हुई थी, जब एक महिला ने दावा किया था कि वह भी यौन उत्पीड़न की शिकार हुई थीं। हालांकि, अभिनेता ने इन आरोपों से इंकार किया था।

## गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 14,500 से अधिक हुई

गाजा। गाजा पट्टी में सात अक्टूबर से जारी युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या 14,500 से अधिक हो गई है। गाजा के सूचना केंद्र ने कहा, मरने वालों की संख्या 14,532 तक पहुंच गई है। इसमें 6,000 बच्चे शामिल हैं। वहीं इस दौरान हुए हमलों में 35,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इज़रायल और हमास ने बुधवार को लड़ाई में चार दिवसीय मानवीय विराम पर सहमति व्यक्त की। इसके गुरुवार सुबह से प्रभावी होने की उम्मीद है। अस्थायी संघर्ष विराम के हिस्से के रूप में, इज़रायल 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। बदले में हमास 50 इजरायली बंधकों को छोड़ेगा।

## स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

मैड्रिड। स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द किया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवंबर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान-प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट निःशुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी : दक्षिण कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, जो संभवतः अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। दक्षिण कोरिया के 'जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से वह मिसाइल दागी गई। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया की मिसाइल संभवतः लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। इससे एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने एक खुफिया मिसाइल दागी थी।



इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों के शवों को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में दफनाने के लिए गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल से ले जाने के बाद एक सामूहिक कब्र में दफनाया गया।

## चीन की रहस्यमयी बीमारी के बारे में डब्ल्यूएचओ ने मांगी जानकारी



वाशिंगटन। चीन के द्वारा बताया गया था कि उनके यहां ज्यादातर बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी फैल रही है। इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बीजिंग से रहस्यमयी बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने को कहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा वक्त में चीन के ज्यादातर अस्पतालों में इस बीमारी से पीड़ित बच्चों का इलाज हो रहा है। गौरतलब है कि पिछले दिनों चीन से यह खबर आई थी कि चीन में बच्चों में एक अलग तरह की बीमारी हो रही है। इसमें कहा गया कि बच्चे एक रहस्यमयी निमोनिया जैसी बीमारी की वजह से इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने इस बीमारी के लिए कोविड-19 प्रतिबंध में ढील देने को जिम्मेदार ठहराया और इसकी ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने को कहा है। चीन का कहना है कि उनके यहां ज्यादातर बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी फैली है। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीजिंग से इस रहस्यमयी बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी मांगी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के चीनी अधिकारियों ने 12 नवंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांस संबंधी बीमारियों में इजाफे की जानकारी दी थी। डब्ल्यूएचओ ने बीमार हुए बच्चों में इन्फ्लूएंजा, एसएआरएस-सीओवी-2, माइकोप्लाज्मा निमोनिया को लेकर अतिरिक्त जानकारी मांगी है। चिंता जाहिर की जा रही है कि चीन में बच्चों के बीमार होने की हालिया घटनाएं कोविड जैसे लक्षणों को दोहराती दिख रही हैं।

# बाल-बाल बचा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की एक बार फिर जान बच गई है। अमेरिकी अधिकारी इन इस मामले में जानकारी देते हुए कहा है कि पन्नू को देश की धरती पर मारने की एक साजिश को नाकाम कर दिया है। इस मामले से संबंधित एक अमेरिकी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने इस संबंध में नई दिल्ली के समक्ष चिंता जताई है कि संभवतः भारत सरकार को इस साजिश की जानकारी हो सकती है। यह अधिकारी इस संवेदनशील मामले पर टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं है। अधिकारी ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि अमेरिकी अधिकारियों को साजिश के बारे में कब और कैसे पता चला तथा साथ ही कथित हत्या के प्रयास को कैसे विफल किया गया। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) इस मामले की



जांच कर रही है।

एफबीआई और न्याय विभाग के प्रवक्ताओं ने बुधवार को इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या की इस साजिश को विफल करने की जानकारी मीडिया में आई, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका ने कथित साजिश के बारे में अपने कुछ सहयोगियों को सूचित किया है। उप्रेस से बात करने वाले अधिकारी ने कहा कि इस साजिश को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने भारत सरकार के उच्चतम स्तर पर चिंता जताई है और नई दिल्ली में अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, 'हम इस मुद्दे को अत्यंत गंभीरता से ले रहे हैं, और इसे अमेरिकी सरकार ने भारत सरकार के समक्ष उठाया है। हमारे भारतीय समकक्षों ने इसे लेकर आश्चर्य और चिंता व्यक्त की है।'

खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू का जन्म अमृतसर जिले के खानकोट गांव में हुआ है। उसके पिता पंजाब स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड में कर्मचारी थे। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से लॉ डिग्री हासिल करने वाला पन्नू, सिख फॉर जस्टिस का कानूनी प्रवक्ता और प्रवक्ता भी है। कनाडा के अलावा उसके पास अमेरिका की नागरिकता भी है। भारत छोड़कर विदेश जाने वाले पन्नू ने वहां कुछ समय बतौर ड्राइवर काम किया और फिर वकालत शुरू कर दी। उसके हिंसक इरादों को इस बात से ही समझा जा सकता है कि जुलाई 2023 में एक वीडियो जारी करके उसने उत्तरी अमेरिका और यूरोप में भारतीय राजनयिकों की हत्या के आह्वान वाले पोस्टरों की जिम्मेदारी ली थी। भारत सरकार ने साल 2020 में पन्नू को आतंकी घोषित कर दिया था और उसकी कृषि भूमि को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत कुर्क कर लिया था।

## बराक ओबामा के पूर्व सलाहकार का इस्लामोफोबिक कमेंट

वॉशिंगटन। बराक ओबामा के पूर्व प्रशासनिक सलाहकार स्टुअर्ट सेल्डोवित्ज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें न्यूयॉर्क में एक दुकानदार को इस्लामोफोबिक गाली देते हुए देखा गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वह दुकानदार को आतंकवादी कह रहे हैं, साथ ही उन्होंने फिलिस्तीन विरोधी टिप्पणी भी की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वायरल वीडियो में सेल्डोवित्ज को न्यूयॉर्क शहर के एक दुकानदार को परेशान करते हुए, उस पर फिलिस्तीन विरोधी टिप्पणी और गाली-गलौज करते देखा गया। सेल्डोवित्ज ने यह भी कहा कि 4,000 फिलिस्तीनी बच्चों का मरना पर्याप्त नहीं है। फुटेज को कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक छात्र द्वारा एक्स पर साझा किया गया था। तब से सेल्डोवित्ज द्वारा इसी तरह की टिप्पणी करने का दूसरा वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। कथित तौर पर सेल्डोवित्ज ने अपने गोथम सरकार रिलेशंस बायो के अनुसार ओबामा प्रशासन के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद दक्षिण एशिया निदेशालय के लिए कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्य किया।

# शुक्रवार तक नहीं होगा युद्धविराम, हमास से समझौते के बाद इजरायल का एलान

**तेल अवीव (एजेंसी)।** हमास से समझौते के तहत शुक्रवार तक युद्धविराम नहीं होगा। यह बात इजरायल ने कही है। हालांकि समझौते को मंजूरी दे दी गई है, लेकिन शुक्रवार को बंदियों की रिहाई के दौरान ही युद्धविराम होगा।

बता दें कि हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों में बच्चे और महिलाएं होंगी। वहीं इजरायल द्वारा रिहा किए जाने वाले कैदियों में भी महिलाएं और 18 साल से कम के किशोर शामिल होंगे। इजराइल के अधिकारियों का कहना है कि हमास से समझौते के तहत शुक्रवार से पहले किसी बंधक की रिहाई नहीं होगी और शुक्रवार तक युद्धविराम भी नहीं होगा। हमास के साथ हुए समझौते को इजराइल की सरकार ने भी मंजूरी दे दी है, जिसके बाद बंधकों की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जाची हानेगबी ने बुधवार को अपने एक बयान में कहा कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई शुक्रवार से पहले नहीं होगी। गौरतलब है कि इस्राइल हमास के बीच हुए समझौते के तहत गाजा में चार दिनों तक युद्धविराम होगा और इसके बदले में हमास इजराइल के कम से कम 50 बंधकों को रिहा करेगा।

वहीं बदले में इजराइल को कम से कम 150 फलस्तीनी कैदियों को भी रिहा करना पड़ेगा। इसके साथ ही इजराइल गाजा में मानवीय मदद भेजने की भी अनुमति मिलेगी। इजराइल हमास के बीच हुए समझौते के तहत इस्राइल जिन कुल 300 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, उनमें किशोर कैदी भी शामिल हैं। रिहा किए जा रहे कैदियों में एक कैदी 14 साल का अबुदा हसन गैत भी शामिल है। अबुदा हसन को मई में इजराइल के एक पुलिसकर्मी पर हमले और पथराव के आरोप में हिरासत में लिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइल द्वारा समझौते के तहत जिन 300 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा, उनमें 33 महिलाएं 123 किशोर (18 साल से कम वाले) और 144 18 साल से ज्यादा उम्र वाले युवक शामिल हैं।

# भारत का चीन पर परोक्ष रूप से हमला

### – खतरों के प्रति सतर्क रहने की दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषण पर काम करना चाहिए तथा अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में दूत आर मधुसूदन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखना ¬ सामान्य विकास के माध्यम से स्थायी शांति को बढ़ावा देना नामक विषय पर आयोजित एक खुली बहस में कहा कि यदि संसाधनों की कमी बनी रही तो विकास एक दूर का सपना है। इसलिए भारत ने जी20 की अपनी मौजूदा अध्यक्षता सहित विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के सुधार की दिशा में काम किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 15 सदस्यीय समिति की यह बैठक चीन की इस महीने की अध्यक्षता में हुई। मधुसूदन ने आगे कहा कि जैसा कि बैठक के अवधारणा पत्र से पता चलता है। हमें पारदर्शी और न्यायसंगत वित्तपोषणर काम करना चाहिए और अस्थिर वित्तपोषण के खतरों के संबंध में सतर्क रहना चाहिए जो ऋण जाल के दुष्चक्र की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के व्यापक दृष्टिकोण में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तीन स्तंभों- शांति एवं सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों की परस्पर निर्भरता को शामिल किया जाना चाहिए।

# इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स बन सकते हैं नीदरलैंड के पीएम, एग्जिट पोल्स का अनुमान

**हेग (एजेंसी)।** एग्जिट पोल्स की मानें तो इस्लाम विरोधी गीर्ट वाइल्डर्स नीदरलैंड के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। एग्जिट पोल्स के अनुमान में वह भारी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार नीदरलैंड में इतना बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। इसका असर पूरे यूरोप पर देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि नूपुर शर्मा की ओर से पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी पर जब दुनिया भर में बवाल मचा था तो नीदरलैंड से उन्हें समर्थन मिला था। उनका नीदरलैंड के सांसद गीर्ट वाइल्डर्स ने सपोर्ट किया था और कहा था कि मैं भारत से भी अपील करूंगा कि वह कट्टरपंथी मुसलमान देशों के दबाव में न आए। इस्लाम विरोधी और यूरोपियन यूनियन तक को बेकार बताने वाले गीर्ट वाइल्डर्स अब नीदरलैंड के पीएम भी बन सकते हैं। बताया जा रहा है कि उनकी पार्टी देश के संसदीय चुनावों में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। गौरतलब है कि उस समय गीर्ट वाइल्डर्स ने नूपुर शर्मा का बचाव करते हुए कहा था, यह हैरान करने वाली बात है कि अरब और इस्लामिक देश भारत की राजनेता नूपुर शर्मा के बयान पर भड़के हैं। उन्होंने पैगंबर के बारे में सही बोला था।

इतना ही नहीं एक और ट्वीट करते हुए गीर्ट ने भारत सरकार से डिफेंसिव मोड में न आने की अपील की थी। गीर्ट ने लिखा था कि तुष्टीकरण से कभी कोई फायदा नहीं होता। इससे चीजें खराब ही होती हैं। इसलिए भारत के मेरे दोस्तों इस्लामिक देशों के आगे दबाव में मत आओ। इसकी जगह नूपुर शर्मा की अभिव्यक्ति की आजादी के पक्ष में खड़े हो, जिसने पैगंबर मोहम्मद के बारे में सच बोला है। गीर्ट ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत और नीदरलैंड जैसे देश लोकतांत्रिक हैं और अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करने वाले हैं। हमें मुसलमान देश ज्ञान नहीं दे सकते, जो कट्टरता से भरे हैं और वहां लोगों को किसी भी तरह की आजादी नहीं है।

नीदरलैंड के छोटे से कस्बे वीनलो में वाइल्डर्स का 1963 में जन्म हुआ था। उनके पिता एक प्रिंटिंग कंपनी में मैनेजर थे, जबकि मां हाउसवाइफ थीं।



रोमन कैथोलिक परिवार में पले-बढ़े गीर्ट वाइल्डर्स चर्च से जुड़े रहे हैं। ओपन यूनिवर्सिटी से लॉ और हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में पढ़ने वाले गीर्ट वाइल्डर्स को उनके कट्टरपंथी विचारों के लिए जाना जाता है। इस्लामिक देशों की आलोचना करने वाले वाइल्डर्स की बीते कुछ सालों में तेजी से लोकप्रियता बढ़ी है। गीर्ट वाइल्डर्स को कई बार मौत की धमकियां भी मिलती रही हैं। वह इस्लाम के खिलाफ खुलकर बोलते रहे हैं। इसी के चलते वह अकसर कड़ी सुरक्षा में ही रहते हैं।

# अमेरिका में रह रहे 64 लाख अवैध अप्रवासी, 725,000 भारतीय, रिसर्च में हुआ बड़ा खुलासा



**लंदन (एजेंसी)।** प्यू रिसर्च सेंटर ने पाया है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी भारतीयों की है, जिनकी संख्या लगभग 725,000 है। सूची में अमेरिका के बाद मेक्सिको और अल साल्वाडोर हैं। शोध में यह भी पाया गया कि देश के 10.5 मिलियन अनधिकृत अप्रवासी अमेरिका की कुल आबादी का लगभग तीन प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह विदेश में जन्मी आबादी का 22 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। शोध कहते है ÷मेक्सिको के अलावा अन्य देशों से अमेरिका में अनधिकृत अप्रवासियों की कुल संख्या तेजी से बढ़ी है। 2021 में, यह जनसंख्या 6.4 मिलियन थी, जो 2017 से 900,000 अधिक है।

इसमें कहा गया है, '2007 से 2021 तक दुनिया के लगभग हर क्षेत्र में अमेरिका में अनधिकृत अप्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सबसे बड़ी वृद्धि मध्य अमेरिका (240,000) और दक्षिण और पूर्वी एशिया (180,000) में हुई।'

अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा के आंकड़ों से पता चलता है कि बड़ी संख्या में बिना दस्तावेज वाले भारतीय अप्रवासी पैदल ही अमेरिकी सीमा पार कर रहे हैं। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच बिना दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश करने पर कम से कम 6,917 भारतीयों को पकड़ा गया, निष्कासित किया गया या प्रवेश से वंचित कर दिया गया। कोविड-19 महामारी के कारण सीमाएं खुलने के बाद अमेरिका में बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की संख्या काफी बढ़ गई। जहां 2021 वित्तीय वर्ष में 30,662 का सामना करना पड़ा, वहीं 2022 वित्तीय वर्ष में 63,927 का सामना करना पड़ा। इस वर्ष 97,000 मुठभेड़ों के साथ, 30,010 कनाडाई सीमा पर और 41,770 दक्षिणी सीमा पर थीं।

शोध में कहा गया है, 'कुल मिलाकर, 2021 में लगभग 7.8 मिलियन अनधिकृत अप्रवासी अमेरिकी श्रम बल में थे। यह 2019 से थोड़ा अधिक था लेकिन 2007 से 2015 तक हर साल की तुलना में कम था।'

कैलिफोर्निया, टेक्सास, फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और इलिनोइस ऐसे राज्य थे जहां अनधिकृत अप्रवासियों की संख्या सबसे अधिक थी। फ्लोरिडा और वाशिंगटन एकमात्र अमेरिकी राज्य थे जहां अनधिकृत आप्रवासी आबादी में वृद्धि देखी गई। जिन राज्यों में कमी देखी गई वे कैलिफोर्निया और नेवादा थे।

'इस बीच, वैध आप्रवासी आबादी 8 मिलियन से अधिक बढ़ गई, 29प्र. की वृद्धि, और प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिकों की संख्या में 49प्र. की वृद्धि हुई। 2021 में, देश के सभी अप्रवासियों में से लगभग आधे (49प्र.) प्राकृतिक नागरिक थे,' शोध कहता है।

# 2025 में पाकिस्तान करेगा चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी, भारत के जाने पर संशय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी की ओर से पाकिस्तान को 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी दी गई है। ऐसे में देखना होगा कि क्या टीम इंडिया पाकिस्तान जाती है या नहीं। क्योंकि पिछले दिनों एशिया कप के लिए बीसीसीआई ने टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद हाइब्रिड मॉडल पर इसका आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट के मुकाबले पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका में खेले गए थे। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी का आयोजन है। ऐसे में भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जा सकती है। पिछले दिनों वर्ल्ड कप खेलने पाकिस्तान की टीम भारत आई थी। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के मुकाबले का फैंस को जमकर इंतजार रहता है। लेकिन 2012 के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। भारतीय टीम अंतिम बार 2008 में एशिया कप खेलने पाकिस्तान गई थी। विवाद के चलते भारत और पाक के बीच अभी द्विपक्षीय सीरीज की संभावना नहीं दिख रही है।

इसी तरह वनडे क्रिकेट में 50 शतक लगाने दुनिया के एकमात्र बैटर विराट कोहली ने अब तक पाकिस्तान में एक भी इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है। ऐसे में क्या कोहली कभी पाकिस्तान में इंटरनेशनल मैच नहीं खेले सकेंगे? रोहित शर्मा से लेकर सचिन तेंदुलकर तक को पाकिस्तान में अधिक मैच खेलने का मौका नहीं मिला। पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने पाकिस्तान में सिर्फ 23 इंटरनेशनल के मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने 26 पारियों में 39 की औसत से 963 रन बनाए। 3 शतक और 3 अर्धशतक लगाया, नाबाद 194 रन बेस्ट प्रदर्शन रहा। रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को देखें, तो उन्होंने पाकिस्तान में 6 मैच खेले हैं। 29 की औसत से 116 रन बनाए हैं। एक अर्धशतक भी जड़ा है। बतौर भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान में सबसे अधिक 24 इंटरनेशनल मैच पूर्व दिग्गज कप्तान कपिल देव ने खेले हैं।

उन्होंने इस दौरान 3 अर्धशतक के सहारे 644 रन बनाए हैं। 73 रन बेस्ट प्रदर्शन है। 54 विकेट भी झटके। विराट कोहली ने भारत को छोड़कर 11 देशों में मुकाबले खेले हैं। विदेशी धरती पर उन्होंने सबसे अधिक 59 इंटरनेशनल मैच ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं। इस दौरान 56 की औसत से 3426 रन बनाए। 11 शतक और 19 अर्धशतक जड़ा। यानी 30 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली। 169 रन बेस्ट प्रदर्शन है। इसके अलावा इंग्लैंड में कोहली ने 57 मैच में 2637 रन बनाए हैं।




# सूर्यकुमार की पहली पीसी में पहुंचे सिर्फ 2 पत्रकार, साढ़े तीन मिनट में बात खत्म




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 की हार का असर इस कदर व्याप्त है कि भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार से कोई पत्रकार बात तक नहीं करना चाहता है। इसका ताजा उदाहरण टी20 मैच से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस में देखा गया, जब केवल दो पत्रकार उपस्थित हुए और केवल साढ़े तीन मिनिट में बात खत्म हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हमेशा की तरह मैच से एक दिन पहले जिस तरह कप्तान प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, सूर्यकुमार यादव ने भी बुधवार को बतौर कप्तान अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर सूर्या की पहली पीसी में सिर्फ 2 पत्रकार पहुंचे। यही नहीं यह पीसी महज 3 मिनट और 32 सेकेंड में ही खत्म हो गई। इस संबंध में सीनियर खेल पत्रकार विमल कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर हैरान करने वाले इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बारे में पूरी डिटेल शेयर की है। विमल ने लिखा कि जहां वर्ल्ड कप के दौरान भारत में 200 से ज्यादा मीडियाकर्मी पहुंचे वहीं यहां सिर्फ 2 ही पत्रकार पहुंचे थे।

यह हैरान करने वाला वाकया है। सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान अपने पहली पीसी में इस तरह की कल्पना नहीं की होगी। क्या यह भारत में किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे कम उपस्थिति का रिकॉर्ड है? मुझे तो ऐसा ही लगता है।' विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया की हार के बाद कहीं ना कहीं लोग भी निराश हैं। लोग भारतीय खिलाड़ियों के फाइनल प्रदर्शन को पचा नहीं पा रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से टीम इंडिया ने लगातार 10 मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंची थी और वहां ऑस्ट्रेलिया के सामने वे इतने कमजोर हो गए, उसे वह कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते। यही वजह है कि लोग भारतीय टीम से बहुत नाराज हैं।

# क्रिस गेल का 44 की उम्र में जलवा बरकरार, बल्ले के हुए 2 टुकड़े, गेंद बाउंड्री पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक ओपनर क्रिस गेल का जलवा 44 की उम्र में भी बरकरार है। गौरतलब है कि गेल इस समय लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेल रहे हैं। गुजरात जॉयंट्स की ओर से खेल रहे गेल के नाम टी20 में सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने का विश्व कीर्तिमान दर्ज है। उन्होंने भीलवाड़ा किंग्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में गेल ने एक ऐसा चौका जड़ा, जिसके बाद उनके बल्ले के दो टुकड़े हो गए। इस मैच में गुजरात की जीत से ज्यादा चर्चा गेल के टूटे बल्ले की हो रही है। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में बुधवार रात खेले गए लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे मुकाबले में गुजरात जॉयंट्स ने भीलवाड़ा किंग्स के खिलाफ 3 रन से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में छठे ओवर में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान बॉटन की एक गेंद पर क्रिस गेल ने करारा प्रहार किया। गेंद दनदनाती हुई बाउंड्री के बाहर 4 रन के लिए चली गई लेकिन इस दौरान गेल का बल्ला टूट गया। हैंडल से बल्ले के दो टुकड़े हो गए।

जानकारी के अनुसार क्रिस गेल ने इस मुकाबले में 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। एक समय गेल 18 गेंदों पर 26 रन बनाकर खेल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदला और साइडबॉटन के खिलाफ 5 गेंदों पर 24 रन ठोक डाले। गेल ने पहले साइडबॉटन की दो गेंदों पर दो छक्के जड़े। इसके बाद लगातार गेंदों पर 3 चौके जड़ दिए। इस ओवर में कुल 25 रन बने। वह 27 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। भीलवाड़ा किंग्स की कप्तानी कर रहे इरफान पठान की टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भीलवाड़ा किंग्स 169 रन ही बना सकी।



# दिल्ली में दिसंबर में होंगे खेलो इंडिया पैरा खेल, कई प्रतिस्पर्धाएं हैं शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुरूआती खेलो इंडिया पैरा खेल 10 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे जिसमें 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1350 से ज्यादा एथलीट सात स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में पैरा खेलों के लिए यह टूर्नामेंट 'गेम चेंजर' साबित होगा। अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर अपलोड किये एक वीडियो में कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 10 से 17 दिसंबर तक पहले खेलो इंडिया पैरा खेल नयी दिल्ली में विभिन्न स्थानों में आयोजित किये जायेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के तीन स्टेडियम में कुल सात स्पर्धायें खेली जायेंगी।''

ये सात स्पर्धायें पैरा एथलेटिक्स, पैरा निशानेबाजी, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा भारोत्तोलन हैं। यह प्रतियोगिता साइ के तीन स्टेडियम - आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद निशानेबाजी रेंज और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेली जायेगी। हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों के स्टार शीतल देवी, भाविना पटेल, एकता भयान, नीरज यादव, सिंघराज, मनीष, सोनल, राकेश कुमार और सरिता के पैरा खेलों में अपने संबंधित राज्यों का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है।




## पीएम मोदी पैरा तीरंदाजी खिलाड़ियों को दी बधाई, भारतीय प्लेयर्स ने हासिल किया पहला स्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारतीय दल के तालिका में शीर्ष पर रहने के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''दल ने चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीतकर चमकदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। ये खिलाड़ी हमेशा हमें इसी तरह गौरवान्वित करते रहें।'' उन्होंने लिखा, ''बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाती चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत। भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्जकराने के लिए बधाई।'' विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई जिसके दम पर भारत बुधवार को बैंकॉक में एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में नौ पदक जीतकर पदक तालका में दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज को पछाड़कर शीर्ष पर रहा। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने वुशु चैम्पियन रोशिबिना देवी, कुशाल कुमार और छवि को हाल में अमेरिका में हुई 16वीं विश्व वुशु चैम्पियनशिप में पदक जीतने के लिए बधाई दी।

## क्रिकेटर श्रीसंत के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप, केरला पुलिस ने दर्ज किया मामला



मुंबई। केरल में एक व्यक्ति ने क्रिकेटर एस श्रीसंत और दो अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। चूंडा के रहने वाले शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी राजीव कुमार और वेंकटेश किनी ने 25 अप्रैल, 2019 से कई तारीखों पर 18.70 लाख रुपये लिए, ये दावा करके कि वे कर्नाटक के कोल्लूर में एक खेल अकादमी बनाएंगे, जिसमें श्रीसंत उनके एक साथी हैं। अपनी शिकायत में, सरीश गोपालन ने कहा कि अकादमी में भागीदार बनने का अवसर मिलने के बाद उन्होंने पैसे का निवेश किया। श्रीसंत और दो अन्य पर आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में श्रीसंत को तीसरा आरोपी बनाया गया है। साल 2013 में आईपीएल के दौरान राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और उनके दो अन्य साथियों, अजीत चंदीला और अंकित चवाण, को हिरासत में लिया गया। इन सभी को आईपीएल के दौरान स्पॉटफिक्सिंग के आरोप में दोषी पाया गया था। बोर्ड की जांच में सभी आरोप सही पाए गए और श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया। बोर्ड की जांच में सभी आरोप सही पाए गए और श्रीसंत पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि, 2015 में दिल्ली की अदालत ने श्रीसंत को सबूत के अभाव में मकोका एक्ट के तहत स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया।


# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी मार्लोन सैमुअल्स पर लगा 6 साल का बैन



वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स को आईसीसी ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से 6 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सैमुअल्स को 2019 अबू धाबी टी10 के दौरान भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया गया है। जिस कारण उन पर बैन लगा दिया गया है। सैमुअल्स उस लीग में कर्नाटक टस्कर्स का हिस्सा थे, लेकिन खेले नहीं थे। एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने सैमुअल्स को चार मामलों में दोषी पाया, जिसमें खुद को और खेल को बदनाम करने वाले अहसान स्वीकार करना और जांच अधिकारियों से जानकारी छिपाना शामिल था। सैमुअल्स को 15 साल पहले भी इसी तरह के अपराध के लिए सजान दी गई थी। आईसीसी के एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा, सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई एंटी-करप्शन गतिविधियों में हिस्सा लिया और जानते थे कि एंटी-करप्शन कोड के तहत उनके दायित्व क्या थे। हालांकि, वह अब रिटायर हो चुके हैं, जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स उसके एक भागीदार थे। तब सैमुअल उसके एक भागीदार थे। 6 साल का प्रतिबंध किसी भी नियम तोड़ने का इरादा रखने वाले व्यक्ति के लिए हतोत्साहित करने वाले एक मजबूत कदम वाले एक मजबूत कदम के रूप में काम करेगा।

# पीसीबी के युवा खिलाड़ियों को कोच बनाने पर जावेद मियांदाद भड़के

### –शान मसूद की तुलना में सरफराज अहमद को टीम का कप्तान बनाने की सलाह



**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने पीसीबी को सलाह दी है कि वह अनुभवी खिलाड़ी को टीम का कप्तान बनाएं। उन्होंने कहा कि लगता है कि सरफराज अहमद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए नवनियुक्त शान मसूद की तुलना में बेहतर उपयुक्त थे। मियांदाद ने कराची में मीडिया से कहा कि सरफराज अहमद को न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया जाना चाहिए, बल्कि उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें कप्तान भी बनाया जाना चाहिए था। यह स्पष्ट है कि सरफराज एक अनुभवी क्रिकेटर हैं और उन्होंने पहले भी पाकिस्तान के लिए कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है और अगर उन्हें कप्तान बनाया गया होता तो यह ऑस्ट्रेलिया में टीम के लिए महत्वपूर्ण होता। क्योंकि यह दौरे के लिए एक कठिन जगह है। मुख्य चयनकर्ता के रूप में वहाब रियाज, टीम निदेशक के रूप में मुहम्मद हफीज और गेंदबाजी कोच के रूप में उमर गुल और सईद अजमल की नियुक्ति का जिक्र करते हुए मियांदाद ने कहा कि उन्हें हमेशा लगता था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोच और खिलाड़ियों के बीच उम्र का अंतर होना चाहिए।

उनका मानना है कि उम्र में अंतर के बिना खिलाड़ियों और कोचों के बीच कोई सम्मान नहीं रहेगा। मियांदाद ने कहा कि मुझे उन खिलाड़ियों को चयनकर्ता, कोच और निदेशक के तौर पर लाने के पीछे कोई तर्क नजर नहीं आता, जो ज्यादातर मौजूदा खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि जो लोग आधुनिक क्रिकेट की एबीसी नहीं जानते, उन्होंने बाबर आजम को तीनों प्रारूपों से कप्तान पद से हटा दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में टीम पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मियांदाद ने बोर्ड की विदेशी कोचों की ओर रुख करने की आदत को भी बकवास बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 2 दशकों में हमारे पास इतने सारे विदेशी कोच रहे हैं और एक क्रिकेट राष्ट्र के रूप में हम कहां खड़े हैं, हम विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सके।

# पाकिस्तानी पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक के बिगड़े बोल, आस्ट्रेलिया नहीं क्रिकेट जीता

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक का फिर एक विवादित बयान आया है, जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलिया नहीं बल्कि क्रिकेट को जिताया है। वह अक्सर विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहने की आदत है। इस कारण उन्हें कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है, फिर भी वे सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। मशहूर भारतीय एक्ट्रेस 'ऐश्वर्या राय' के खिलाफ विवादित टिप्पणी पर जगहंसाई के बाद माफी मांगने को मजबूर हुए रज्जाक ने अब टीम इंडिया को लेकर विवादित टिप्?पणी की है। वर्ल्डकप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों टीम इंडिया की हार को लेकर रज्जाक ने कहा कि भारत की हार क्रिकेट के लिए अच्छी है। एक पाकिस्तानी टीवी शो में राय रखते हुए रज्जाक बोले, 'सही बात करें तो क्रिकेट जीती है। आप कंडीशन को अपनी तरह यूटलाइज करके, अपनी तरफ कंडीशंस को लेकर, ऐसा कभी नहीं होता। अगर आज इंडिया जीत जाती तो फिर क्रिकेट है वह इंडिया की तरफ हो जाती। क्रिकेट ने बताया कि मैं वो क्रिकेट हूं जो ब्रेव होती है, जो स्ट्रांग होते हैं मेंटली, अफर्ट करते हैं, जान मारते हैं, मैं उनके साथ हूं। ऑस्ट्रेलिया ने यह काम किया। खुशी इस चीज की है कि अगर इंडिया जीत जाती तो हमें बहुत ज्यादा अफसोस होता इस सेंस में कि वो कंडीशन को यूटिलाइज कर रही थी। कुछ न कुछ तो है कंडीशन में, ऐसी कंडीशन नहीं होनी चाहिए। रज्जाक ने कहा कि बिल्कुल फेयर पिच होनी चाहिए, बिल्कुल फेयर माहौल होना चाहिए, दोनों टीमों के लिए बेलेंस होना चाहिए। इंडिया ने एडवांटेज लिया। अगर कोहली 100 कर जाते तो इंडिया ये वर्ल्डकप जीत जाती।' गौरतलब है कि इससे पहले ऐश्वर्या राय को लेकर अपने कमेंट और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'बच्चा बॉलर' बताने के बयान पर रज्जाक को ट्रोल किया जा चुका है। ऐश्वर्या को लेकर उनके बयान की तो शोएब अख्तर, वकार यूनुस और मोहम्मद यूसुफ जैसे पूर्व पाकिस्तानी प्लेयर्स ने भी आलोचना की थी जिसके बाद रज्जाक को माफी मांगने पर मजबूर होना पड़ा था।

# निक्की ने शानदार तस्वीरें शेयर कर फैलाई सनसनी

### –रैसलर जॉन सीना की पूर्व मंगेतर है निक्की




लंदन। मशहूर डब्ल्यूडब्लयूई रैसलर जॉन सीना की पूर्व मंगेतर निक्की बेला ने सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें शेयर कर सनसनी फैला दी है। निक्की ने फटी नीली जींस पहने एक फोटो शेयर की है। बेला की उक्त फोटो पर जमकर कमेंट आए। जिसमें एक फैंस ने कमेंट किया कि क्या आप शादीशुदा हैं। एक ने लिखा 30 की उम्र पार कर भी आप आग की तरह हैं। बीते दिनों ही निक्की गार्सिया ने एक शो के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि वह और उनके पति एक और बच्चे के लिए प्लानिंग कर सकते हैं। 39 वर्षीय निक्की ने कहा कि मेरे पति आर्टेम एक और चाहते हैं जबकि मैं एक के साथ अच्छी हूं। हालांकि मुझे नहीं पता। हम देखेंगे। दरअसल, कभी-कभी सब कुछ भाग्य पर निर्भर होता है। आप जानते हैं कि मेरी बहन ब्री गार्सिया तब विशेष रूप से बच्चे के लिए प्रयास नहीं कर रही थी जब वह 2019 में अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती हो गई थी। निक्की ने कहा कि मैं सोच रही थी कि मेरे पास केवल एक ही होगा। ब्री की अब एक 6 साल की बेटी बर्डी और 3 साल का बेटा बडी है। उन्होंने कहा कि यह कितना अजीब है कि मैं गलती से गर्भवती हो गई। और मेरा यह समय निक्की के साथ मेल खा गया। जब निक्की माटेओ के साथ गर्भवती थी। ब्री ने 1 अगस्त, 2020 को बडी को जन्म दिया था जबकि उसके ठीक एक दिन बाद उसकी बहन और आर्टेम ने माटेओ का स्वागत किया था। एक शो के दौरान उन्होंने बताया था कि कॉलेज लाइफ में उनका दो बार रेप हुआ था। बेला ने कहा कि यह ऐसी उम्र थी जब आप यह तय नहीं कर पाते कि आपके साथ जो हुआ है वो सही या गलत। आप बस तनाव में घिर जाते हैं। कुछ महीने बाद जब मैं कॉलेज जाने लगी तो वहां एक कॉलेज छात्र ने मेरे साथ बलात्कार किया। एक के बाद एक हुई घटनाओं से मैं टूट चुकी थी। मुझे खुद पर शर्म आने लगी थी। लगता था कि पूरे घटनाक्रम की जिम्मेदार मैं ही हूं। इसने मुझे हिम्मत नहीं दी। मैंने अपने साथ हुए इस घटनाक्रम के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। बता दे कि निक्की अपने पास्ट के बारे में बताते से बिल्कुल भी नहीं झिझकती। निक्की अभी डेटिंग रियालिटी शो ट्विन लव को अपनी बहन ब्री के साथ होस्ट कर रही हैं।

# अगले विश्वकप में नहीं दिखेंगे कई भारतीय खिलाडी

### –उम्र और फिटनेस को लेकर उठ गई हैं चिंताएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कप में आस्ट्रेलिया के हाथों पराजय मिलने के बाद अब सारी नजरें भारतीय खिलाड़ियों पर टिक गई हैं जिनकी उम्र और फिटनेस को लेकर चिंताएं उठ गई हैं। माना जा रहा है कि यह विश्व कप कई क्रिकेटरों का आखिरी भी हो सकता है। इनमें से कई क्रिकेटर मुश्किल से ही अगले संस्करण में खेल पाएंगे।

2023 विश्व कप में रोहित शर्मा भले ही बल्ले से सफल रहे लेकिन वह अपनी टीम को बतौर कप्तान रहते जीत नहीं दिला पाए। रोहित को 2011 विश्व कप टीम में चुना नहीं गया था लेकिन उन्होंने वापसी की और 2019 में उपकप्तान और 2023 में कप्तान बनकर लौटे। रोहित ने इस विश्व कप में 54.27 की औसत और 125.94 की शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाए। रोहित अभी 36 साल के हैं। रविचंद्रन अश्विन जिन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के चोट के कारण बाहर होने के बाद भारतीय वनडे विश्व कप 2023 टीम में शामिल किया गया था, को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र मैच में मौका मिला था जिसमें उन्होंने 34 रन देकर एक विकेट लिया था। अश्विन अभी 37 साल के हैं, और यह कहना बिल्कुल सुरक्षित है कि वह 2027 विश्व कप से पहले संन्यास लेने वाले पहले व्यक्ति हो सकते हैं। इस बार शायद उन्हें हमेशा के लिए वनडे टीम से भी बाहर किए जाने की संभावना है।

अश्विन 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम को अकेले अपने कंधे पर उठाया। उन्होंने टूर्नामेंट को अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया और कई रिकॉर्ड तोड़े। वह विश्व कप मंच पर भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। शमी जल्द 37 साल के हो जाएंगे और एक तेज गेंदबाज होने के नाते उनके लिए अगले विश्व कप तक आगे बढ़ना बहुत मुश्किल होगा। रवींद्र जडेजा जिनका 2023 विश्व कप अभियान बल्ले और गेंद दोनों से सफल रहा था का 2027 विश्व कप में शामिल होना मुश्किल लग रहा है। विश्व कप 2023 में अपना अभियान समाप्त करने के लिए जडेजा ने 16 विकेट लिए और बल्ले से 120 रन बनाए।

34 साल की उम्र में उनकी फिटनेस के बारे में कोई संदेह नहीं है, लेकिन भारतीय टीम में आने के लिए तैयार युवाओं को देखते हुए, जडेजा को विश्व कप के अगले संस्करण में अपने लिए जगह नहीं मिल सकती है। विराट कोहली ने विश्व कप में 95.62 की औसत से तीन शतक और छह अर्धशतकों के साथ 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हालांकि, 35 वर्षीय खिलाड़ी वनडे विश्व कप के अगले संस्करण में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उन्होंने इस टूर्नामेंट में अपना सब कुछ झोंक दिया है। उम्मीद यह भी है कि वह अब टेस्ट फॉर्मेट पर ही फोक्स कर सकते हैं।




## निवेशकों को लुभाने इंग्लैंड करेगा द हंड्रेड में बड़ा बदलाव

लंदन। भारत और अमेरिका के निवेशकों को लुभाने के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अपनी क्रिकेट लीग 'द हंड्रेड का विस्तार करके बड़ा बदलाव करने जा रहा है। ईसीबी उसे 10 टीम का टूर्नामेंट बना सकता है। ब्रिटेन के मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार ईसीबी आगामी वर्षों में हंड्रेड में 2 नई टीम जोड़ने से पहले बैठकों का दौर जारी रखेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह समझा जाता है कि भारत और अमेरिका के खरीदार मौजूदा आठ टीमों में रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि दो साल पहले शुरू की गई यह लीग विदेशों में खुद को स्थापित नहीं कर पाई है और रिपोर्ट के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब की हिस्सेदारी लेने में दिलचस्पी दिखा रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार अगले पांच वर्षों में हंड्रेड का विस्तार करके इसे 10 टीम का टूर्नामेंट बनाया जा सकता है। इसमें जुड़ने वाली दो नई टीम ब्रिस्टल, टॉटन या डरहम की हो सकती हैं।

परिवर्तन

# बच्चों में जेंडर बदलने की चाहत

बच्चों की जेंडर पहचान और उनके शारीरिक विकास के बीच संबंध तलाशने के लिए आरहुस यूनिवर्सिटी ने एक सर्वे किया। इसमें कई चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा किया गया है। स्टडी में सामने आया कि बच्चों में जल्दी किशोरावस्था तक पहुंचने की इच्छा पनप रही हैं। इतना ही नहीं, 11 साल की उम्र के बच्चों में जेंडर बदलने की चाहत होने लगी है। रिसर्चर्स ने सर्वे में पाया कि 5 प्रतिशत बच्चों ने आंशिक या पूरी तरह से जेंडर बदलने की इच्छा जताई है। पहली बार इस तरह का सर्वे हुआ है।



इसके लिए सभी बच्चों से हर 6 महीने में उनके शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी जुटाई। जिन बच्चों ने जेंडर बदलने की चाहत जताई थी, वे दूसरे बच्चों की तुलना में दो महीने पहले ही किशोर हो चुके थे। इसके लिए 'बेटर हेल्थ फॉर जनरेशन्स' रिसर्च प्रोजेक्ट के डेटा का इस्तेमाल किया गया।

## 1996 से शुरू हुई थी रिसर्च

1996 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में डेनमार्क की एक लाख महिलाओं को शामिल किया गया था। उनकी प्रेग्नेंसी, बच्चा पैदा होने से लेकर बच्चों के बड़े होने तक रिसर्च को जारी रखा गया। बच्चों के 11 साल का होने पर उन्हें जेंडर और किशोरावस्था पर हुई स्टडी में शामिल किया गया। हालांकि नतीजे तक पहुंचने से पहले और स्टडी की जरुरत है, ताकि सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## बाल रोग विशेषज्ञों के लिए महत्वपूर्ण

इस रिपोर्ट के परिणाम बाल रोग विशेषज्ञों के लिए जरुरी हैं, जो किशोरावस्था में प्रवेश कर रहे बच्चों के साथ डील करते हैं। डॉक्टरों के सामने ऐसे कई मामले आ सकते हैं, जिनमें बच्चे जल्दी किशोर होने पर असहज महसूस करें। इसलिए इस बारे में सही जानकारी होनी जरूरी है।

सीख

# किताब पढ़ने का सही तरीका

बच्चे किताब तो पढ़ते हैं लेकिन उनमें लिखे नए शब्द, वाक्य, अंक आदि याद नहीं रहते। कुछ ऐसे शूब्द जिनके अर्थ नहीं जानते उन्हें भी उस दौरान पढ़कर ध्यान नहीं रख पाते। किताब में मौजूद ज़रूरी सामग्रियों को टैगिंग की मदद से याद रख सकते हैं। यह तरीक़ा छात्रों के लिए काफ़ी मददगार साबित होता है।



**पन्ना न छूटे** - किस पन्ने तक किताब पढ़ चुके हैं या किस पेज से पढ़ना शुरू करना है, इसके लिए भी टैग का उपयोग कर सकते हैं। इससे उसकी याद बनी रहेगी। वहीं जो आवश्यक पन्ने हैं उनमें भी टैग लगा सकते हैं।

**काम आसान होगा** - मान लीजिए कि आपने किताब में कोई आंकड़ा पढ़ा है। जब कभी उस आंकड़े की ज़रूरत होगी तो आप दोबारा किताब खंगालने में समय बर्बाद करेंगे। अगर उसे टैग कर दें तो उसे हर बार ढूंढना आसान होगा।

**कई तरह से कर सकते हैं टैगिंग**

**मार्कर से हाइलाइट करें**- अगर किताब आपकी है तो उस पर ज़रूरी शब्दों या वाक्यों को मार्कर से हाईलाइट कर सकते हैं। मार्कर के अलग-अलग रंगों को कलर कोड की तरह उपयोग कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर, हरा रंग ज़रूरी वाक्य के लिए या पीला रंग आंकड़ों के लिए।

**नोट कार्ड का उपयोग**- ये सबसे आसान तरीक़ा है टैगिंग का। एक छोटे-से कार्ड पर हर अध्याय से संबंधित जानकारी लिख सकते हैं। उस अध्याय को संक्षेप में लिख सकते हैं या ज़रूरी कोट्स भी लिखे जा सकते हैं। उससे संबंधित जानकारियां लिखने के लिए लंबा कार्ड उपयोग करें।

**चिह्न लगा सकते हैं**- अगर पन्नों पर रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो ज़रूरत के अनुसार चिह्न का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, पसंदीदा वाक्य के नीचे रेखा खींच सकते हैं, ज़रूरी अनुच्छेद (पैराग्राफ) पर सितारा, संदेह के लिए प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग करें।

**कई रंग के स्टिकी नोट्स**- स्टिकी नोट्स के कई फ़ायदे हैं। इसे रंगों के आधार पर बांट सकते हैं, इस पर लिख सकते हैं और एक बार चिपकाने के बाद आसानी से निकाल सकते हैं। जितने चाहें, उतने नोट्स चिपकाए जा सकते हैं। अगर किताब लाइब्रेरी की है तब ये स्टिकी नोट्स आपके काम आएंगे।

नया शब्द

# दिव्यांग अंतरिक्षयात्री यानी पैरास्ट्रोनॉट

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने एक सड़क हादसे में अपने पैर गंवाने वाले एक व्यक्ति को अंतरिक्ष यात्रियों के अपने नए समूह में शामिल कर इतिहास रच दिया है। जॉन मैकफॉल (41) ने 19 साल की उम्र में अपना दाहिना पैर खो दिया था। उन्होंने कहा कि उनका चयन इतिहास में एक बड़ा पड़ाव साबित होगा। उन्होंने कहा, ईएसए एक शारीरिक रूप से अक्षम अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने को प्रतिबद्ध है...यह पहली बार है कि किसी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस तरह की परियोजना शुरू करने का प्रयास किया और वास्तव में मानवता के नाम एक बड़ा संदेश दिया है।

मैकफॉल ने कहा, मैं खुद को लेकर आश्वस्त हूं। करीब 20 पहले मैं अपना पैर खो बैठा था, मुझे पैरालंपिक में जाने का मौका मिला और उससे भावनात्मक रूप से मैं काफी बेहतर हुआ। जीवन में आई हर चुनौती से मुझे आत्मविश्वास और बल मिला। खुद पर भरोसा करने का जज़्बा मिला कि मैं कुछ भी कर सकता हूं...। उन्होंने कहा, मैंने कभी अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना नहीं देखा था। जब ईसीए ने घोषणा की कि वह एक पहल के लिए दिव्यांग व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं तभी मेरे मन में इसको लेकर रुचि जागी।

इस पहल को व्यवहार्य बनाए जाने संबंधी अध्ययन तीन साल तक चलेगा। एक पैरास्ट्रोनॉट (दिव्यांग अंतरिक्ष यात्री) के लिए बुनियादी बाधाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमें शारीरिक अक्षमता मिशन प्रशिक्षण को कैसे प्रभावित कर सकती है और यदि स्पेससूट और विमान में किसी तरह के खास बदलाव की जरूरत है तो इसका भी पता लगाया जाएगा। ईएसए के मानव एवं रोबोटिक अन्वेषण के निदेशक डेविड पार्कर ने कहा कि अभी काफी लंबा सफर तय करना है। हालांकि इस नई भर्ती को उन्होंने एक महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा बताया।

- पार्कर ने कहा कि शायद पहली बार पैरास्ट्रोनॉट शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन मैं इस शब्द पर अपने हक का कोई दावा नहीं करता। उन्होने कहा, हम कह रहे हैं कि जॉन मैकफॉल पहले पैरास्ट्रोनॉट हो सकते हैं।
- इस पहल को व्यवहार्य बनाए जाने संबंधी अध्ययन तीन साल तक चलेगा। एक पैरास्ट्रोनॉट (दिव्यांग अंतरिक्ष यात्री) के लिए बुनियादी बाधाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमे शारीरिक अक्षमता मिशन प्रशिक्षण को कैसे प्रभावित कर सकती है और यदि स्पेससूट और विमान में किसी तरह के खास बदलाव की जरूरत है तो इसका भी पता लगाया जाएगा।

पार्कर ने कहा कि शायद पहली बार पैरास्ट्रोनॉट शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन मैं इस शब्द पर अपने हक का कोई दावा नहीं करता। उन्होंने कहा, हम कह रहे हैं कि जॉन मैकफॉल पहले पैरास्ट्रोनॉट हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिशन के सफल रहने पर भी मैकफॉल को अंतरिक्ष में जाने में अभी पांच साल तक का समय लग सकता है। पेरिस में एक संवाददाता सम्मेलन में पांच अंतरिक्ष यात्रियों के एक समूह की घोषणा की गई, जिसमें मैकफॉल शामिल हैं। सूची में दो महिलाओं फ्रांस की सोफी एडेनोट और ब्रिटेन की रोज़मेरी कूगन का नाम भी है। वहीं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के प्रवक्ता डैन हूओट ने कहा कि ईसीए के पैरा-एस्ट्रोनॉट के चयन को नासा बड़ी दिलचस्पी से देख रहा है। उन्होंने कहा, हालांकि नासा की चयन प्रक्रिया अब भी वैसी ही है , लेकिन एजेंसी ईएसए जैसे भागीदारों से आने वाले नए अंतरिक्ष यात्रियों के साथ भविष्य में काम करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नासा अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मानती है और किसी भी तरह की चिकित्सकीय स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। हालांकि हूओट ने कहा कि भविष्य में सहायक तकनीक के जरिए ऐसे उम्मीदवारों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित किए जाने से स्थिति बदल सकती है।

पुस्तकें

# वंचित वर्ग के बच्चों के लिए पुस्तकों की व्यवस्था

वंचित वर्ग के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जयपुरिया एजुकेशन सोसाइटी ने ग्रेटर नोएडा में पुस्तक दान अभियान का आयोजन किया।




पुस्तक दान अभियान का आयोजन जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, गाजियाबाद द्वारा किया गया जो दिल्ली एनसीआर का एक प्रमुख पीजीडीएम संस्थान है। इसमें बिमटेक विद्या केंद्र (बीवीके) मस्ती की पाठशाला के बच्चों को अलग-अलग विषयों की 6200 स्कूली किताबें प्रदान की गईं। बीवीके छोटे और बड़े बच्चों का अनौपचारिक स्कूल है। इसकी शुरुआत वर्ष 2019 में नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सहयोग से परी चौक मेट्रो स्टेशन, ग्रेटर नोएडा के तहत की गई। अभियान के बारे में जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस के महानिदेशक डॉ. राजीव आर ठाकुर ने कहा, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस हर साल उन बच्चों को किताबें दान करता है जो किताबें खरीदने का खर्च नहीं उठा सकते हैं, लेकिन जिन्हें सीखने की लालसा है। यह अभियान हमारे ग्रुप के सीएसआर के तहत शिक्षा का आधार मजबूत करने की नेक पहल है और एनईपी 2020 में सार्वभौमिक और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दूरदृष्टि के अनुकूल है। सेठ आनंदराम जयपुरिया एजुकेशन सोसाइटी ने दशकों से उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने और इसका प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोसायटी शिक्षा में वैश्विक अनुभव देने के साथ भारतीय लोकाचार का समावेश करने के दृढ़ विश्वास के साथ भारतीय शिक्षा परिदृश्य को नया आयाम दे रही है।

कहानी

# अपने घर व दोस्तों पर भरोसा जरूरी

एक घने जंगल में एक पेड़ के कोटर में एक उल्लू रहता था। वह कोई साधारण उल्लू नहीं था। उसमें एक बहुत बड़ी खासियत थी कि वह अन्य उल्लुओं की तुलना में बहुत ज़ोर से आवाज़ निकाल सकता था। यही कारण था कि सब उसे जंगल का रखवाला मानते थे। उसकी वजह से जंगल में सारे पशु-पक्षी बेफ़िक्र होकर रहते थे क्योंकि उल्लू रात को बहुत साफ़ देख सकता है और जब भी उसे शिकारियों का कोई झुंड जंगल के आसपास नज़र आता तो वह ज़ोर-ज़ोर से आवाजें निकालता था। इससे सारे जानवर सचेत हो जाते थे और शिकारियों को मुंह लटकाकर वापस लौटना पड़ता था। उल्लू जिस पेड़ के कोटर में रहता था, वह बहुत विशाल बरगद का पेड़ था। उस पेड़ पर बहुत से पक्षी रहते थे। उस पेड़ की छाया में बहुत से जानवर अठखेलियां करते थे, इससे उल्लू का भी मन लगा रहता था। इसी तरह बड़ी शांति से सबकी ज़िंदगी चल रही थी। एक बार पास के जंगल से उल्लू का ख़ास दोस्त चमकू चमगादड़ आया। उल्लू ने उसका बहुत ज़ोर-शोर से स्वागत किया। रात को जब सारे पशु-पक्षी आराम से सो रहे थे तब उल्लू और चमगादड़ आपस में बतिया रहे थे। चमकू ने उल्लू से कहा- 'तुम तो रहे उल्लू के उल्लू ही...' उल्लू ने पूछा- 'ऐसा क्यों कहा दोस्त?' चमकू ने जवाब दिया- 'और क्या कहूं...आसपास के सारे जंगलों में तुम्हारी बेवकूफी के चर्चे होते हैं। तुम यहां मुफ्त के चौकीदार बने बैठे हो। अगर हमारे जंगल में होते तो तुम्हें महामंत्री बना दिया जाता।' चमकू की बात सुनकर उल्लू बोला- 'ऐसा ना कहो मित्र! यहां पर सब जानवर मुझे बहुत प्यार करते हैं।' यह सुनकर चमकू ने ठहाका लगाते हुए कहा- 'यहां पर और भी उल्लू हैं...तुम ही क्यों चौकीदार हो...सब तुम्हारे सीधेपन का फ़ायदा उठाते हैं। सही कहते हैं सब लोग...उल्लू तो उल्लू ही होता है।' उल्लू को अपने दोस्त की यह बात बहुत अखरी पर वह चुप ही रहा। चमगादड़ ने उसे समझाते हुए कहा- 'रात को तो हम भी जागते हैं पर इस तरह से चौकीदारी नहीं करते।' चमकू की बात सुनकर उल्लू उदास हो गया था। उसने सोच लिया था कि अब वह बिल्कुल चुप रहेगा। आख़िर जानवरों को उसकी अहमियत का एहसास तो हो। उल्लू ने देखा कि कुछ लकड़हारे बड़ी-बड़ी कुल्हाड़ियां लेकर जंगल में प्रवेश कर रहे थे। उल्लू तुरंत समझ गया कि वे जंगल के हरे-भरे पेड़ काटकर ले जाएंगे। अब उल्लू ज़ोर से चिल्लाने ही वाला था कि उसे चमकू की बात याद आ गई और वह चुप ही रहा। तभी उल्लू ने देखा कि लकड़हारे कुल्हाड़ी लेकर उसी पेड़ की ओर बढ़ रहे थे जिस पर वह बैठा था। उल्लू सोचने लगा- 'मैं इस पेड़ से उड़ जाता हूं, दूसरे पेड़ के कोटर में रह लूंगा।' यह सोचकर उल्लू वहां से उड़ने ही वाला था कि उसे बरगद की आवाज़ सुनाई दी- 'उल्लू भाई! तुमने इस जंगल को हमेशा बचाया है, मुझे भी बचा लो। तुम दिल के सच्चे हो इसलिए मेरी आवाज़ सुन सकते हो। मुझे अपने जाने की परवाह नहीं लेकिन इस पेड़ पर रहने वाले सब पक्षी बेघर हो जाएंगे।' कहकर पेड़ ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा। अब उल्लू से रहा नहीं गया। वह सोचने लगा- 'आख़िर यह मेरा घर है... मैं इसे छोड़ कर कैसे जा सकता हूं? मुझे अपने ही नहीं सबके घर को बचाना चाहिए।' अब उल्लू अपनी चिरपरिचित आवाज़ में ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा। जंगल के सब जानवर जाग गए। सियार, भालू, शेर, लोमड़ी सब ऊंचे स्वर में चिल्लाने लगे। इतने जानवरों की आवाज़ें सुनकर लकड़हारे बुरी तरह घबरा गए। तभी उन्हें जंगली कुत्तों का एक झुंड अपनी तरफ़ दौड़ता हुआ दिखाई दिया। लकड़हारे सिर पर पांव रखकर भागे। पेड़ ने उल्लू को बहुत धन्यवाद दिया और कहा-'तुम सही मायने में जंगल के रक्षक हो... धन्यवाद दोस्त...।' सभी जानवरों ने उल्लू की प्रशंसा की। उल्लू को अपनी घटिया सोच पर बहुत पछतावा हुआ। कैसे वो किसी के कहने में आकर अपना घर, अपना जंगल ही उजाड़ने चला था। उसने भावुक होते हुए अपने घर, अपने बरगद के पेड़ की शाखाओं को देखा तो ऐसा लगा जैसे शाखाएं झूलकर उसे शुक्रिया कह रही हैं, दुलार लुटा रही हैं। यह देख उल्लू खुशी से झूम उठा।



## दिमाग लगाओ

Can you solve this?

$$\left(\frac{5 + 5 \times 5 \div 5 - 5}{5}\right)^5$$

a) 0 b) 1 c) 5

Like if you think you got it right!

## रंग भरो




## शब्द बनाओ

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| N | Y | S | T | D | F | U | L | O | H | M | E |
| F | P | C | E | M | X | T | Q | E | U | P | S |
| W | A | L | S | H | I | B | R | V | A | G | W |
| O | G | S | T | U | D | Y | L | T | K | R | A |
| R | Z | D | K | N | J | O | W | D | P | T | N |
| K | O | C | R | E | K | S | G | L | U | E | R |
| T | S | F | Y | P | D | O | R | B | Q | A | D |
| E | U | V | A | N | G | E | U | Z | M | C | E |
| J | D | E | Q | K | W | C | S | E | A | H | Y |
| X | M | O | H | S | I | J | V | K | T | O | L |
| L | I | R | N | L | Z | A | G | B | F | X | C |
| B | S | A | T | E | N | P | I | W | E | J | H |

STUDY TEST
LEARN ANSWER
TEACH DESK
WORK TAPE
DONE GLUE

## रास्ता ढूंढो






# मंसूर का बयान सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित
# तृषा कृष्णन

एक्टर मंसूर अली खान ने फिल्म में अपनी को-एक्ट्रेस रहीं तृषा कृष्णन को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया है। मंसूर के बयान की एक्ट्रेस ने भी निंदा की है और एक्टर को घटिया आदमी बताया है। दरअसल, हाल ही में एक इंटरव्यू में मंसूर अली खान ने कहा कि 'जब मैंने सुना कि मैं तृषा के साथ काम करने वाला हूं, तो मैंने सोचा कि फिल्म में एक बेडरूम सीन होगा। मैंने सोचा कि मैं उसे वैसे ही बेडरूम में ले जा सकता हूं जैसे मैं पहले भी कई फिल्मों में दूसरी एक्ट्रेसेस को ले जा चुका हूं। मैंने कई फिल्मों में रेप सीन किए हैं तो मेरे लिए यह नया नहीं है। पर मेकर्स ने कश्मीर शेड्यूल में मुझे तृषा से मिलने तक नहीं दिया।'वहीं, तृषा ने ट्वीट शेयर करते हुए मंसूर के कमेंट की निंदा की है और साथ ही उनके साथ जिंदगी में कभी काम ना करने की कसम भी खाई।

अपने ट्वीट में एक्ट्रेस ने लिखा- 'हाल ही में मैंने एक वीडियो देखा जिसमें मिस्टर मंसूर अली खान ने मेरे बारे में भद्दी और घटिया बात की है। मैं इसकी कड़ी निंदा करती हूं और इसे सेक्सिस्ट, अपमानजनक, घृणित और खराब मानती हूं। वो ऐसी कामनाएं कर सकते हैं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं कि मैंने कभी उनके जैसे घटिया व्यक्ति के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया और आगे भी यह सुनिश्चित करूंगी कि मेरे बाकी फिल्मी करियर में भी ऐसा कभी न हो। उनके जैसे लोग पूरी मानव जाति का नाम खराब करते हैं।'

मंसूर के इस बयान के बाद फिल्म के डायरेक्टर लोकेश कनगराज ने भी उनकी आलोचना की। लोकेश ने तृषा के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा, 'मंसूर अली खान द्वारा किए गए कमेंट को सुनकर निराश और नाराज हूं। यह देखते हुए कि हम सभी एक ही टीम में काम करते हैं। किसी भी इंडस्ट्री में महिलाओं, साथी कलाकारों और प्रोफेशनल्स के सम्मान पर समझौता नहीं किया जा सकता। मैं इस व्यवहार की निंदा करता हूं।' बता दें कि साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की फिल्म 'लियो' में नजर आए एक्टर मंसूर अली खान अपने एक विवादित बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं।




## परेशान होता हूं तो बच्चों के साथ वक्त बिताकर खुद को संभालता हूं : शाहरुख खान

अभिनेता शाहरुख खान का कहना है कि जब भी वह परेशान होते हैं तो परेशानियों से ध्यान हटाने के लिए बच्चों के साथ वक्त बिताकर खुद को संभालते हैं। शाहरुख इस साल अपनी तीसरी फिल्म 'डंकी' की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं। शाहरुख ने फिल्म के पहले गीत 'लुट्ट पुट्ट गया' की रिलीज के कुछ घंटों बाद बुधवार को 'एक्स' पर अपने प्रशंसकों के साथ 'आस्कएसआरके' सत्र आयोजित किया। 'डंकी' का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया है और 'पठान' व 'जवान' के बाद शाहरुख की 2023 में यह तीसरी फिल्म है। शाहरुख ने एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में कहा, 'जब भी मैं चिंतित होता हूं तो मैं खुद ही इससे निपटता हूं। मैं थोड़ा बहुत लिखता हूं और अपने बच्चों के साथ वक्त बिताता हूं।' शाहरुख जहां 'डंकी' की रिलीज की तैयारी में जुटे हैं तो वहीं उनकी बेटी सुहाना की पहली फिल्म, जोया अख्तर की 'आर्चीज'आ रही है । उन्होंने कहा, ''सुहाना को डंकी पसंद है और मुझे आर्चीज से प्यार है।'' एक प्रशंसक ने जब उनसे उनके 'बिखरे बाल' के पीछे के रहस्य के बारे में सवाल किया तो शाहरुख ने चुटकी ली, ''आंवला, भृंगराज और मेथी लगाता हूं।'' 'डंकी' में उनके साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमान ईरानी भी हैं जो 21 दिसंबर को रिलीज होगी।

## 600 करोड़ का कारोबार करने में सफल रही फिल्म लियो

साउथ के सुपर स्टार थलापति विजय की हालिया प्रदर्शित और ब्लॉक बस्टर रही आगामी सप्ताह ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म लियो प्रदर्शित होने जा रही है। फिल्म लियो वैश्विक स्तर पर 600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। 'नेटफ्लिक्स' की दक्षिण भारत शाखा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे पास आपके लिए अच्छी खबर है। क्या आप तैयार हैं? 'लियो' 24 नवंबर को भारत में और 28 नवंबर को दुनिया भर में तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है।''लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू तथा वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। 'लियो' 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म है। फिल्म में तृषा, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, मंसूर अली खान, प्रिया आनंद और गौतम वासुदेव मेनन जैसे कलाकार हैं। बता दें कि अभिनेता विजय की तमिल एक्शन थ्रिलर फिल्म 'लियो' 24 नवंबर से भारत में तथा 28 नवंबर से वैश्विक स्तर पर 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) मंच नेटफ्लिक्स पर प्रसारित की जाएगी।




## बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अभिनेता रणबीर कपूर ,बॉबी देओल को अपना स्टाइल आइकन मानते हैं। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म एनिमल के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर ने बॉबी देओल को अपना स्टाइल बताया है। रणबीर ने बताया कि वह देओल के वॉर्डरोब के दीवाने हैं खासकर के उन आइकॉनिक सनग्लासेज के जो उन्होंने फिल्म सोल्जर और बरसात में पहना था। फिल्म एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज़, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी।






## शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी के 14 साल पूरे

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी के 14 साल पूरे हो गये हैं। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी को पूरे 14 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर शिल्पा और राज ने एक-दूसरे के लिए एक रोमांटिक वीडियो भी शेयर किया है। 22 नवंबर 2009 में शिल्पा शेट्टी ने राज कुंद्रा के साथ मुंबई में धूमधाम से शादी की थी। शादी की 14वीं सालगिरह पर शिल्पा ने इंस्टाग्राम एक प्यार भरा वीडियो शेयर कर पति को शादी की सालगिरह विश की है। शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज के साथ अपनी तस्वीरों का एक वीडियो पोस्ट किया है और इस वीडियो के बैकग्राउंड में 'तेरे बिना जिया जाये ना' गाना भी लगाया हुआ है कैप्शन में उन्होंने लिखा, 14 साल...तुम्हें अनंत प्यार, मेरी कुकी। यू आर माई हैप्पी प्लेस, राज कुंद्रा, एनिवर्सरी, ग्रैटिट्यूड, टुगेदरनेस, हसबैंडलव। शिल्पा के पति राज कुंद्रा ने भी शादी की सालगिरह के मौके पर इंस्टाग्राम पर शिल्पा के साथ अपना वीडियो शेयर कर लिखा है, 14 साल एंड यू स्टिल जस्ट लुकिंग लाइक ए वॉऊ! 14वीं सालगिरह मुबारक हो शिल्पा शेट्टी, ब्लेस्ड, वाइफ, एंजल लव।

## जान्हवी ने शेयर किया मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो

बालीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने फिर से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला वीडियो साझा किया, जिसमें वह सफेद अनारकली सूट में शास्त्रीय नृत्य करती देखी जा सकती हैं। वीडियो में जान्हवी को बिना मेकअप के लुक में दिखाया गया है, उनके बाल बंधे हुए हैं और उन्होंने झुमके पहने हुए हैं। वह प्रतिष्ठित ट्रैक जिया जले पर परफॉर्म कर रही हैं। इस गाने को लता मंगेशकर और एम.जी श्रीकुमार ने गाया है। यह गाना 1998 की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म दिल से का है, जिसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा ने अभिनय किया है। जान्हवी ने अपने रील वीडियो को कैप्शन दिया, आखिरकार क्रिकेट की चोटों के बाद डांस क्लास में वापस आ गई। अभिनेत्री ने उन चोटों का जिक्र किया है जो कथित तौर पर उन्हें अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग के दौरान लगी थीं। फिल्म में राजकुमार राव भी हैं। वीडियो को 5.4 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं।एक फैन ने लिखा, प्रीति जिंटा की जगह पर कदम रखना आसान नहीं है लेकिन आपने अच्छा किया। एक अन्य ने टिप्पणी की, 'कितना सुंदर एक अन्य दर्शक ने लिखा, खूबसूरत डांस और मूव्स..ऐसा लग रहा है जैसे श्रीदेवी मैम डांस कर रही हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार, महेंद्र अग्रवाल का किरदार निभाएंगे, जबकि जान्हवी, महिमा माही का किरदार निभाती नजर आएंगी। उनकी झोली में देवरा और उलाज भी हैं। बता दें कि जान्हवी कपूर को शास्त्रीय नृत्य के प्रति बेहद प्रेम हैं। उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर इस तरह की वीडियो पोस्ट करते हुए देखा जाता है।



## गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची करिश्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर पंजाब के प्रसिद्ध गुरुद्वारा गोल्डन टेम्पल पहुंची, जहां से उन्होंने अपने दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की है। फैंस करिश्मा की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि करिश्मा कपूर स्वर्ण मंदिर के सामने दोनों हाथ जोड़े नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर एक अलग ही नूर देखने को मिल रहा है। पिंक सूट के साथ सिर पर मैचिंग दुपट्टा लिए न्यूड मेकअप और माथे पर बिंदी से अपने लुक को कंप्लीट करती करिश्मा बेहद खूबसूरत लग रही हैं।गुरुद्वारा में दर्शन के बाद करिश्मा ने अमृतसर की गलियों का दौरा किया और स्वादिष्ट पकवानों का भी आनंद लिया। कई तस्वीरों में करिश्मा पेड़ के नीचे बैठी सादगी भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- सकारात्मक ऊर्जा और स्वादिष्ट भोजन। अमृतसर में बिताया गया एक अद्भुत दिन। फैंस करिश्मा के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं।

वहीं काम की बात करें तो करिश्मा कपूर ने साल 1991 में फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, सबसे ज्यादा सफलता उन्हें अनाड़ी में लीड रोल निभाकर मिली। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। वहीं, अभ एक्ट्रेस लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। बता दें कि एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भले ही इन दिनों एक्टिंग से दूर हैं, लेकिन वह अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।



## सुशांत सिंह बहुत अच्छा इंसान था: अंकिता

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने स्वर्गीय एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को याद किया और कहा कि 'बहुत अच्छा इंसान था वो। वह एक अच्छा आदमी था। मैं ऐसे बोलती हूं ना कभी, था, मुझे इतना अजीब लगता है। मतलब अभी तो ठीक है नॉर्मल हो गया है। विक्की का भी दोस्त है ना सुशांत।

आप जानते हैं कि अब वो नहीं रहा। इस दुनिया में, सबसे बुरा एहसास है। इसके बाद मुनव्वर फारुकी ने अंकिता लोखंडे से सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बारे में और पूछा। 'बिग बॉस 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अंकिता लोखंडे ने सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात की। वह मुनव्वर फारुकी से बात कर रही थी जब टूटे हुए दिल पर उनकी शायरी ने उन्हें नॉस्टैल्जिक फील कराया। तब अंकिता ने मुनव्वर से कहा, 'मत बोल ये सारी चीज, वो हिट करती है बुरी तरीके से। लेकिन तूने जो कहा वह मुझे पसंद आया।' फिर अंकिता ने फिल्म 'एमएस धोनी : द अटोल्ड स्टोरी' का रोमांटिक सॉन्ग 'कौन तुझे' गाया। इस मौके पर अंकिता ने कहा, 'अभी ये बात नहीं करना चाहती लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे ये नहीं बताना तुझे कुछ भी।'

इस पर मुनव्वर ने कहा, 'लोगों के वर्जन है सबके। अलग-अलग लेकिन आप उनमें से एक हैं जिसे बिल्कुल सही पता है।'अंकिता लोखंडे तब खुलासा किया कि वह सुशांत के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सकीं। सुशांत की मौत उनके लिए 'बहुत चौंकाने वाली' थी। उन्होंने कहा, 'मैं तो उसके अंतिम संस्कार पर भी नहीं गई थी। मैं जा ही नहीं पाई। मुझे लगा मैं नहीं देख सकती ये। मैं ये देख ही नहीं सकती। विक्की ने बोला की तू जा कर आ। मैंने कहा नहीं। कैसे देख सकती हूं। मैंने वो अनुभव ही नहीं किया था कभी लाइफ में।' अंकिता लोखंडे आगे कहती हैं, 'मैंने पहली बार मेरे पापा को देखा मुन्ना ऐसे।

मुझे पता चला कि किसी का जाना क्या होता है। मेरे पापा बहुतज आपकी याद आती है डैडी। मैं पापा को बार-बार बोलती थी, पापा बिग बॉस।। हिट करती है यार बस।' अंकिता इस पूरी बातचीत के दौरान इमोनशनल और रोते हुए दिखाई दीं। वहीं, मुनव्वर फारुकी भी थोड़ा दुखी हुए। बता दें कि फिल्म 'एमएस धोनी : द अटोल्ड स्टोरी' साल 2016 में रिलीज हुई थी और दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत इसमें लीड रोल में थे। सुशांत और अंकिता लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे थे।



# नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना होगा आसान, चलाई जाएंगी स्पेशल बसें

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के आधुनिक शहर ग्रेटर नोएडा में बनाए जा रहे नोएडा इंटरनेशनल



एयरपोर्ट का आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 2024 से फ्लाइट उड़ान भरना शुरू कर देगी। इसी के साथ हवाई यात्रियों को एयरपोर्ट तक लाने और ले जाने की योजना पर भी काम शुरू कर दिया गया है। नोएडा एयरपोर्ट पहुंचने वाले यात्रियों के लिए बॉटेनिकल गार्डन से नोएडा एयरपोर्ट तक स्पेशल बसों का संचालन करने की तैयारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू कर दी गई है।

आपको बता दें कि नोएडा एयरपोर्ट से सितंबर 2024 से फ्लाइट उड़ान भरना शुरू कर देगी। नोएडा इंटरनेशनल पहुंचने वाले यात्रियों के लिए बॉटेनिकल गार्डन से जेवर एयरपोर्ट तक बस सेवा का संचालन शुरू किया जाएगा। बॉटेनिकल गार्डन से एयरपोर्ट तक नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के बराबर डेडिकेटेड बस रूट बनाया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह के अनुसार, जेवर एयरपोर्ट तक यात्रियों और अन्य लोग आसानी से पहुंच सके, इसके लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के साथ साथ अन्य सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। इन्हीं सेवाओं में यात्रियों के लिए स्पेशल बस सेवा का संचालन करना भी एक है। रैपिड रेल और पॉड टैक्सी का संचालन भी योजनाओं में शामिल है। बसों के संचालन के लिए डेडिकेटेड रूट बनाया जाएगा।

# ईवीएम एवं वीवीपैट से सम्बंधित आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश

**गौतमबुद्धनगर ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट की एफ0एल0सी0 के संदर्भ में शुक्रवार को गौतमबुद्ध यूनीवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में ईसीआईएल मेक मशीनों से आच्छादित 21 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा एफएलसी-सुपरवाइजरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला में ईवीएम एवं वीवीपैट के संदर्भ में एफ0एल0सी0 प्रकिया की जानकारी के साथ ईवीएम से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की भी जानकारी प्रदान की गयी।



कार्यशाला में आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर तथा शामली के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा एफएलसी-सुपरवाइजरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन को निर्विघ्न व निर्विवाद सम्पन्न कराने हेतु ईवीएम एवं वीवीपैट की गुणवत्ता की दृष्टि से फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफ0एल0सी0) कराये जाने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि ईवीएम से सम्बन्धित कार्यों के निस्तारण के सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-समय पर निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

कार्यशाला में ईवीएम एवं वीवीपैट से सम्बन्धित विभिन्न आयामों जैसे कि एफ0एल0सी0, ईवीएम का प्रथम रैण्डमाइजेशन, प्रशिक्षण एवं जागरूकता, ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाइजेशन, मतदान एवं मतगणना के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक अवर सचिव ओ0पी0 साहनी एवं राकेश कुमार द्वारा प्रतिभागियों के जिज्ञासाओं का निवारण किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं एफएलसी सुपरवाइजरों द्वारा एफएलसी प्रकिया को बारीकी से समझा गया तथा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों पर हैन्ड्स ऑन प्रशिक्षण भी प्राप्त किया गया।

कार्यशाला में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, 21 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एफएलसी सुपरवाइजर, ईसीआईएल इंजीनियर्स पी0सी0 मण्डल, ज्ञान रंजन नायक, प्रत्युपन्न साहू तथा रिसोर्स पर्सन एनएलएमटी राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# 23 तक विद्युत व्यवस्था में होगा और सुधार : चैत्रा वी

## बिजली विभाग की प्रबंध निदेशक ने फोनरवा को दिया आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर



फेडरेशन ऑफ नोएडा वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण कि प्रबंधक निदेशक श्रीमती चैत्रा वी के साथ बैठक की।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय कुमार खत्री, मुख्य अभियंता राजीव मोहन, अधीक्षण अभियंता संजीव वैश्य, बी एल मौर्या तथा अधिशाषी अभियंता, एसडीओ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्रीमती चैत्रा वी ने बताया कि नोएडा में बहुत से कार्य हुए हैं। उन कामों की लिस्ट उन्होंने फोनरवा को सौंपी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दिसंबर 23 के अंत तक बिजली व्यवस्था में ओर सुधार होगा।

इस अवसर पर फोनरवा के महासचिव के के जैन, कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, उपाध्यक्ष पवन यादव, उमाशंकर शर्मा, जयपाल सिंह, देवेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी व बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# रजत विहार में धूमधाम से हुआ तुलसी विवाह





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सैक्टर-62 स्थित रजत विहार सी ब्लॉक में तुलसी विवाह कार्यक्रम धूम धाम से आयोजन किया गया।

पंडित घनश्याम चतुर्वेदी ने बताया कि शास्त्रों में तुलसी विवाह का आयोजन करना बहुत शुभ माना गया है। इस दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी का विवाह कराने की परपंरा है।

शाम 4 बजे बैंड बाजा बारात के साथ शालिग्राम बरात निकाली गई जिसमें सोसाइटी निवासी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सोसायटी में गली गली में निवासियों द्वारा शालीग्राम बारात का स्वागत किया गया और ढोल नगाड़ों के साथ बरात सोसाइटी की परिक्रमा कर शिवशक्ति मंदिर रजत विहार सी ब्लॉक में जाकर संपन्न हुआ जहा तुलसी माता के तरफ से कुछ श्रद्धालुओं द्वारा शालिग्राम बारातियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिस के बाद तुलसी शालिग्राम का विवाह कार्यक्रम महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन के साथ आयोजित किया गया।

# कड़ी मेहनत कर छात्र बनें सफल : भरत यादव

## नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने आशा की आवाज बने थीम पर अपना वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोहन लिया। लघु नाटकों के जरिए भी छात्रों ने कई सामाजिक संदेश दिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं



लेखक रवि अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि स्कूल ऑफ़ लॉ एवं डिप्टी रजिस्ट्रार गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के डीन डॉ कृष्णकांत द्विवेदी, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक शैलेंद्र शर्मा वी स्कूल के अध्यक्ष भारत यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने चंद्रयान पर आधारित रोल प्ले की प्रस्तुति दी जिसमें असफलता से सफलता तक का सफर बड़े मनमोहन तरीके से दिखाया गया।

आशा की आवाज बने थीम पर मनाया जा रहे वार्षिक उत्सव में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को जीवन में कड़ी मेहनत तथा लक्ष्य की सफलता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

नोएडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष भरत यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर सफलता को पाया जा सकता है। अगर ईमानदारी से मेहनत कर प्रयास किया जाए तो जीवन में कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं है। श्री यादव ने छात्रों को जीवन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए जी जान से पढ़ाई में जुटाना का आह्वान किया।

स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती आर बुवाना ने छात्रों को जीवन में मजबूत और अच्छा कैरियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की भी जमकर सराहना की।

इस अवसर पर सूबे यादव, वीर सिंह यादव, मनोज शर्मा, भीष्म यादव, विनोद यादव, ज्ञानेंद्र यादव, चौधरी तेजपाल सिंह, चौधरी भुल्ली यादव सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद थे।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308



शराब छुड़ाए बिना बताए

अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें

नशा मुक्ति केन्द्र

नोएडा

नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास

रोजाना 1 से 4 बजे तक ( मंगलवार बन्द )

फरीदाबाद

सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट ( बीकानेर मिष्ठान भण्डार )

( सिर्फ हर मंगलवार ) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक


मो०-9818250344







# शहर में सजेगा साईं बाबा का भव्य दरबार, होगा अनोखा जागरण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में साईं बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस दौरान एक अनोखा जागरण भी होगा, जिसमें बड़ी संख्या में साईं बाबा के भक्त साईं के भजनों का आनंद उठाएंगे। साईं के भव्य जागरण से पहले नोएडा शहर के सेक्टरों में पालकी शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

नोएडा में साईं बाबा के भव्य जागरण का आयोजन कराने वाली साईं परिवार सेवा समिति के प्रमुख सहयोगी एके पंवार ने **चेतना मंच** को बताया कि नोएडा में साईं बाबा के भव्य जागरण से पूर्व 26 नवंबर 2023, रविवार को साईं पालकी यात्रा निकाली जाएगी। साईं पालकी यात्रा दोपहर 1 बजे जागरण स्थल नोएडा स्टेडियम से शुरू होकर सेक्टर 12, 22, 55, 56 व 34 होते हुए वापस नोएडा स्टेडियम पर पहुंचकर संपन्न होगी।

नोएडा में साईं बाबा का भव्य दरबार 1 दिसंबर 2023 को सजेगा। समिति के प्रमुख सहयोगी एके पंवार ने बताया कि एक दिसंबर 2023 को नोएडा स्टेडियम में अनोखा जागरण होगा। पूजा अर्चना के बाद साईं के भजनों की वर्षा शाम साढ़े चार बजे से होगी। इस अवसर पर ब्रज रसिका साध्वी पूनम दीदी की उपस्थिति श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय होगी। साईं बाबा के भजनों को युवा गायक कुमार विजय, सारेगामा फेम दिवाकर शर्मा, मानसी सिसोदिया, अनन्या शर्मा, संजय विद्यार्थी, बॉलीवुड फेम जोनी सुफी और पंकज राज अपनी आवाज देंगे।

मंच का संचालन शंकर अनुरागी करेंगे। साईं के जागरण में मुख्य अतिथि के तौर पर कमलकर गणपत राय कोते, राहुल दिगंबर गोंदकर, पंकज रमेश जोशी (मुख्य पुजारी शिरडी मंदिर) तथा शिरडी साईं संस्थान महाराष्ट्र से महेश दतात्रेयमहाने तथा जगदीश सुरेश भोसले उपस्थित रहेंगे।

नोएडा में 1 दिसंबर 2023 को सजने वाले साईं बाबा के भव्य दरबार में साईं के भक्तों के लिए साईं बाबा की चांदी की मूर्ति के लिए लकी ड्रॉ भी निकाला जाएगा। ड्रॉ की पर्ची जागरण स्थल कार्यालय से ही श्रद्धालु प्राप्त कर सकते हैं।